''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 04 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 04 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## सावित्री बाई फुले की जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

### सावित्री बाई फुले केवल नाम नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण की कहानी : नायब सिंह सैनी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सावित्री बाई फुले जयंती के अवसर पर बहादुरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने सावित्री बाई फुले को नमन करते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले न सिर्फ भारत की पहली महिला शिक्षिका थी, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व और महिलाओं के अधिकारों की प्रणेता थी। मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि माता सावित्री बाई फुले की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले के सम्मान में हरियाणा सरकार ने राजकीय महिला कॉलेज, लोहारू, भिवानी का नाम माता सावित्री बाई फुले के नाम पर रखा है।

श्री नायब सिंह सैनी ने बहादुरगढ़ हल्कावासियों को सौगात देते हुए कहा कि बहादुरगढ़ से आसौदा तक मेट्रो के विस्तार के प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा तीव्र गति से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ नगर परिषद को मानदंड पूरा होने पर नगर निगम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाइन पार फाटक पर अंडरपास के निर्माण, बहादुरगढ़ सड़क के नवीनीकरण, पुरानी कोर्ट के साथ लगती खाली पड़ी जमीन पर पार्क विकसित करने और पुराने बस अड्डे के साथ लगती खाली जमीन पर व्यायामशाला-योगशाला बनाने के संबंध में फिजिबिल्टी चैक करवाकर इन परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधूरे पड़े उत्तरी बाईपास के निर्माण तथा नई अनाज मंडी के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को सरकार द्वारा नियमित किया जा चुका है और उनमें मुलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। यदि ऐसी अनधिकृत कॉलोनियों की जानकारी मिलती है तो उन्हें भी मानदंड पूरा करवाकर नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड- 7 और 10 में छठ पूजा घाट बनाए जायंगे। मुख्यमंत्री ने बहादुरगढ़ के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

**सावित्री बाई फुले केवल नाम नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण की कहानी**

श्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि सावित्री बाई फुले केवल नाम नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण और बेटियों की शिक्षा की एक पूरी कहानी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षित करने और सशक्त बनाने के लिए कृतसंकल्प है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए निरंतर अथक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक क्रांति की अग्रदूत और महिला सशक्तिकरण की बुलंद आवाज श्रीमती सावित्री बाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका ही नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व और महिलाओं के अधिकारों की प्रणेता थी।

**सावित्रीबाई फुले के संकल्प पर चलते हुए हरियाणा सरकार ने**

**महिला सशक्तिकरण को दिया बढ़ावा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई ने अपने जीवन को महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समर्पित किया। उन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य ही विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और महिलाओं को शिक्षित करना बना लिया था। महिला उत्थान में सावित्री बाई फुले हमारी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने महिला शिक्षा और उनके उत्थान के लिए अनेक विरोधों के बावजूद डटकर काम किया। उन्होंने 1848 में महाराष्ट्र के पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोला। सावित्रीबाई फुले के महिला शिक्षा के संकल्प पर चलते हुए हरियाणा सरकार ने पिछले 10 सालों में उच्चतर शिक्षा प्रदान करने के लिए हर 20 किलोमीटर के दायरे में कॉलेज खोले हैं। इस दौरान 79 सरकारी कॉलेज खोले गये हैं, इनमें 30 कॉलेज केवल लड़कियों के हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी, 2015 में पानीपत से देशव्यापी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी। हरियाणा सरकार ने विभिन्न एनजीओ के माध्यम से इस अभियान के तहत बेटियों को बचाने का काम किया। जहां हरियाणा में पहले लिंगानुपात 871 था वहीं आज बढ़कर 916 पहुंच गया है। आज हरियाणा की गिनती बेटियों को मारने वाले प्रदेशों में नहीं होती बल्कि बेटियों को आगे बढ़ाने वाले प्रदेश के रूप में होती है। माता सावित्री बाई फुले को यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है।

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें सामाजिक न्याय, समानता और सभी के लिए शिक्षा के लिए एक अथक योद्धा के रूप में याद किया।



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने माता सावित्रीबाई फुले की स्थायी विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और समाज के कमजोर वर्गों के पुरुषों और महिलाओं के अधिकारों की वकालत की। उन्होंने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले न केवल भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा और सशक्तिकरण की किरण भी थीं। शिक्षा और सामाजिक सुधार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राज्यपाल ने नागरिकों से उनके जीवन से सीख लेने और एक समावेशी और न्यायसंगत समाज को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। श्री दत्तात्रेय ने सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पहल का समर्थन करके माता सावित्रीबाई फुले की विरासत को मनाने का आग्रह किया।

## अगर विंटर वेकेशन में स्कूल खोला तो होगी मान्यता रद्द

### हरियाणा के निजी स्कूलों पर शिक्षा विभाग हुआ सख्त




**समाचार गेट/कृष्णा शर्मा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में शिक्षा विभाग ने 1 से 15 जनवरी तक शीतकालीन छुट्टियों की घोषणा कर दी है। शिक्षा विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी किया था। आदेश के मुताबिक प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 15 जनवरी तक छुट्टी रहेगी।

ये आदेश सरकारी के साथ सभी प्राइवेट स्कूलों सहित नर्सरी से लेकर 12वीं तक के सभी शैक्षणिक संस्थानों में लागू होंगे। आदेश में विभाग ने निजी स्कूलों को सख्त हिदायत दी है। अगर विंटर वेकेशन में किसी भी निजी स्कूल को खोला गया तो उसकी मान्यता रद्द हो जाएगी। ये आदेश सरकारी और प्राइवेट, दोनों ही स्कूलों में लागू किए गए हैं। इस संबंध में राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ स्कूल मुखियों और प्रभारियों को भी इन्हें सख्ती से लागू करने को कहा गया है।

### 16 जनवरी को खोले जाएंगे स्कूल

एईओ हरवीर नागर ने बताया कि आदेश के मुताबिक 1 से 15 जनवरी तक प्रदेश के सभी स्कूल बंद रहेंगे। 16 जनवरी को स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि आदेश में यह भी कहा गया है कि इन छुट्टियों के दौरान CBSE, ICSE बोर्ड आदि के नॉर्म्स के अनुसार बोर्ड कक्षाओं (10वीं और 12वीं) के लिए निर्धारित शेड्यूल के अनुसार स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल के लिए स्कूल में बुलाया जा सकता है।

### शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश

शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक उनके पास रिपोर्ट पहुंची हैं कि किसी न किसी बहाने निजी स्कूल खोले जा रहे हैं, जिसमें स्कूल स्टाफ को भी बुलाया जा रहा है। अगर स्कूल खोलने पर कोई अप्रिय घटना होती है तो उसका जिम्मेदार स्कूल होगा। अगर शीतकालीन छुट्टियों के दौरान कोई स्कूल खोलता है तो उसके खिलाफ विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उस स्कूल की मान्यता रद्द करने की सिफारिश भी की जा सकती है। किसी भी अप्रिय घटना के लिए स्कूल खुद जिम्मेदार होगा।

## अड़ियल रवैया छोड़कर किसानों से बातचीत करके समाधान निकाले बीजेपी सरकार : हुड्डा

**किसान नेता डल्लेवाल की सेहत बहुत नाजुक, मांगें मानकर तुरंत अनशन खत्म करवाए सरकार : हुड्डा**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत बहुत नाजुक बताई जा रही है। इसलिए बीजेपी सरकार को अड़यिल रवैया छोड़कर तुरंत उनकी मांगों का समाधान करते हुए अनशन खत्म करवाना चाहिए। उनका जीवन सभी के लिए अनमोल है। क्योंकि वो निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि किसानों की उचित मांगों के लिए अनशन कर रहे हैं। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज और कई साल पुरानी है। खुद बीजेपी ने एमएसपी का वादा करके किसान आंदोलन को खत्म करवाया था। किसान सरकार को वही वादा याद दिला रहे हैं। कांग्रेस शुरू से ही किसानों को स्वामीनाथन फार्मूले के तहत एमएसपी देने की पक्षधर रही है। बीजेपी ने भी स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करके किसानों की आय डबल करने का वादा किया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद वो अपने वादे को भूल गई और किसानों की आय डबल करने की बजाए उसकी लागत को कई गुना बढ़ा दिया।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस के अलावा कोई भी पार्टी किसानों के हित में नहीं सोचती, वो सिर्फ किसानों के नाम पर कोरी सियासत करती हैं। आज केंद्रीय कृषि मंत्री आम आदमी पार्टी सरकार को पत्र लिख रहे हैं। लेकिन बीजेपी खुद राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में किसानों को वो लाभ नहीं देती, जो कांग्रेस कार्यकाल में हरियाणा के किसानों को मिला था। कांग्रेस सरकार ने हरियाणा के किसानों को देश में सबसे सस्ती यानी 10 पैसे प्रति युनिट के रेट पर बिजली दी थी। लेकिन बीजेपी शासित किसी भी राज्य में ऐसी रियायती दरें लागू नहीं हैं।

## जल्द पूरा होगा गन्नौर स्थित अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का कार्य : नायब सिंह सैनी

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को गन्नौर स्थित गुप्ति धाम पहुंचे

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को बहादुरगढ़ से चंडीगढ़ आते समय गन्नौर स्थित गुप्ति धाम में पहुंचे और गुप्ति सागर महाराज के दर्शन किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गन्नौर में स्थित अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है और जल्द ही इसे पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बवाना से कुंडली तक मेट्रो को मंजूरी मिल चुकी है और उस पर काम भी शुरू हो चुका है। रैपिड रेल को लेकर उन्होंने कहा कि एनएच-44 पर वाहनों का दबाव ज्यादा है ऐसे में दिल्ली से पानीपत रैपिड मैट्रो का काम भी जल्द शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी विकास कार्यो को गति दी जाए। इस मौके पर गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान, खरखौदा से विधायक पवन खरखोदा सहित अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।



## झूठी घोषणाएं करने और कागजों का पेट भरने से हरियाणा को नहीं मिलेगी नशा से मुक्ति

**नशे से हो रही है लगातार मौतें, सिरसा के रोडी क्षेत्र में दो माह में हुई चार मौत**

**नशा तस्करों के साथ-साथ उन्हें संरक्षण देने वालों पर हो सख्त से सख्त कार्रवाई**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि आज हरियाणा में नशा युवाओं के लिए नासूर बना हुआ है, प्रदेश को नशा मुक्त बनाने और नशा तस्करों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की झूठी घोषणाएं करने और कागजी कार्यवाही से प्रदेश को नशे से मुक्ति नहीं मिल सकती। नशा तस्करी जारी है, नशे से मौतों का सिलसिला जारी है। सिरसा के रोड़ी क्षेत्र में पिछले दो माह में चार युवाओं की नशे के चलते मौत हो चुकी है फिर भी सरकार हाथ पर हाथ रखे हुए बैठी है। जिन गांवों को नशा मुक्त किया गया है उनमें अधिकतर में आज भी नशे का धंधा जारी है। सबसे पहले तो सरकार को इस धंधे को संरक्षण लेने वाले लोगों और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, साथ ही इसमें जन सहयोग भी जरूरी है।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पहले प्रदेश में अफीम, गांजा, चरस, चूरापोस्त तक का ही नशा होता था, पुलिस ने सख्ती की होती तो नशे पर पहले ही अंकुश लग गया होता, आज युवा हेरोइन-चिट्टा, कोकिन, स्मैक, ब्राउन शुगर आदि का नशा करने लगे हैं। इसके साथ साथ मेडिकल नशा भी बड़े पैमाने पर जारी है मेडिकल नशा आसानी से मिल जाता है पर इसके कई गुना कीमत वसूली जाती है। सरकार के पास उसका अपना मजबूत खुफिया तंत्र है, जिन्हें पता होता है कि उनके क्षेत्र में कौन कौन नशा बेच रहा है और कौन कौन नशे की तस्करी कर रहा है। उनकी रिपोर्ट पर कार्रवाई कर सरकार नशा तस्करों की कमर तोड़ सकती है, पर जिन्हें राजनीतिक संरक्षण मिला हो उन पर पुलिस भी हाथ डालने से कतराती है। सरकार को झूठी घोषणाएं करने के बजाए मजबूत इरादे से बिना किसी भेदभाव के युवाओं के भविष्य की चिंता करते हुए नशा तस्करों को नेस्तनाबूद करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ जिले खासकर सिरसा, फतेहाबाद और हिसार ऐसे है जहां पर खुलेआम नशा बिकता है, हिसार में भी नशे से मौतों का सिलसिला आज भी जारी है। आंकड़ों की मानें तो 16 प्रतिशत नशेडी, हेरोइन, स्मैक और कोकीन का नशा कर रहे हैं, 10 प्रतिशत गांजा, चरस और भाग का नशा कर रहे है, 15 प्रतिशत लोग अफीम और चूरा पोस्त का नशा कर रहे है। दो प्रतिशत महिलाएं भी किसी न किसी प्रकार का नशा कर रही है। नशे के चलते ही प्रदेश में एचआईवी और हेपेटाइटिस सी के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। नशेडियों के कारण ही अपराध बढ़ रहे है, नशे की आपूर्ति के लिए नशेडी, चोरी, लूट डकैती तक कर रहे है। नशे के कारण ही परिवारजन हिंसा का शिकार हो रहे है, नशेडी कही पत्नी, कही माता-पिता की तो कही अपने ही बच्चों की हत्या कर रहे हैं। नशा समाज के लिए एक अभिशाप बनता जा रहा है।

## सोहना में मां के अन्तिम संस्कार में बेटे की हार्ट अटैक से हुई मौत

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सोहना कस्बे से एक दुखद घटना सामने आई है, जिसमें एक बुजुर्ग मां के अंतिम संस्कार के समय वृद्ध बेटे की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिससे शहर में मां-बेटे की एक साथ मौत होने से परिवार में मातम पसरा है। जबकि परिजनों ने व्यक्ति की जान बचाने के लिए अस्पताल भी पहुंचाया, लेकिन होनी को तो कुछ ओर ही मंजूर था।



मिली जानकारी के अनुसार सोहना कस्बे के पठान वाडा निवासी महिला धर्म देवी (92) की वृद्धावस्था के चलते निधन हो गया था। जब परिवार के लोग उसके शव को लेकर दाह संस्कार के लिए श्मशान घाट लेकर गए। जहां पर मुखाग्नि देने के लिए महिला के बड़े बेटे सतीश (69 ) जेसे ही मां की चिता को मुखाग्नि दे ही रहा था कि अचानक उसे सीने में तेज दर्द हुआ। कुछ देर में ही वह बेसुध होकर वहीं गिर गया। आनंद फानन में परिजन उसे गुरुग्राम के अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि सतीश हरियाणा रोडवेज विभाग से सेवानिवृत्त था। वहीं दोनों की मौत होने से परिजनों में शोक का माहौल है। मां के बाद बेटे की भी इस तरह अचानक हुई मौत से हर कोई स्तब्ध है। वार्ड नम्बर 16, मोहल्ला पठान वाडा में धर्मदेवी को अंतिम संस्कार के लिए दमदमा मार्ग स्थित स्वर्ग आश्रम में ले जाया गया था। वहीं पर उसके बेटे को भी हार्ट अटैक आ गया जिससे अस्पताल में उसकी भी मृत्यु हो गई।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

## जानकारी

# डायबिटीज का डर कर नहीं, डट कर ऐसे करें मुकाबला

डायबिटीज (मधुमेह) का समय रहते पता लगाना और सही समय पर इलाज बहुत जरूरी है। यह एक घातक बीमारी जरूर है, लेकिन इसका इलाज संभव है। दवाओं के साथ ही घरेलू उपाय भी कारगर साबित होते हैं, लेकिन सबसे अहम भूमिका निभाती है मरीज की दृढ़ इच्छा शक्ति। एम्स के डॉ. अनुराग शाही के अनुसार 'सरल जीवनशैली और आहार में परिवर्तन से डायबिटीज को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही व्यायाम इस बीमारी से दूर रहने का रामबाण इलाज है। महिलाओं को खासतौर पर ध्यान देने की जरूरत है। जर्नल ऑफ फिजियोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 'जो महिलाएं गर्भावस्था के दौरान अल्कोहल का सेवन करती हैं, उनके नवजात शिशु में डायबिटीज का खतरा अधिक रहता है।' जानिए टाइप-2 डायबिटीज के इलाज और इससे बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में -

### टाइप-2 डायबिटीज के कंट्रोल में सबसे जरूरी क्या है?

टाइप-2 डायबिटीज या ऐसी किसी भी बीमारी की जड़ में होती है व्यक्ति की खराब लाइफस्टाइल। खानपान की गलत आदतें, मोटापा, व्यायाम की कमी, धूम्रपान और तनाव जैसी बुरी आदतें इसका प्रमुख कारण हैं। डॉक्टर अनुराग शाही बताते हैं कि 'शुगर को कंट्रोल करने के लिए सबसे जरूरी है वजन पर नियंत्रण और सही समय पर सही आहार। ब्लड शुगर के लेवल पर नजर बनाए रखें और डॉक्टर की सलाह के अनुसार समय पर दवाएं लेते रहें।' जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की 9 अक्टूबर 2019 को जारी रिपोर्ट में लिखा गया है कि 'अत्यधिक वजन से डायबिटीज का जोखिम बढ़ जाता है। वहीं 10 फीसदी वजन भी कम कर लिया जाए तो इस बीमारी के लक्षणों से मुक्ति पाई जा सकती है।' इसी तरह, जर्नल एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडिया ने डायबिटीज के मरीजों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसके अनुसार, यदि उपवास रखते समय डायबिटीज के मरीजों का ब्लड शुगर लेवल 70 एमजी/डीएल के कम हो जाता है तो उन्हें उपवास तोड़ देना चाहिए। चीनी और प्रोसेस्ड कार्बोहाइड्रेट भोजन में वजन बढ़ाने वाले तत्व होते हैं, जिनकी वजह से मधुमेह हो सकता है। इससे बचाने के लिए चीनी की मात्रा बिल्कुल कम कर देनी चाहिए, जिससे रक्त में शर्करा (शुगर) का स्तर बिल्कुल नियंत्रण में रहे। ज्यादा मीठी चीजें और मीठे पेय पदार्थों का सेवन इन्सुलिन के लेवल को बढ़ा सकता है।


### टाइप-2 डायबिटीज मरीजों को क्या करना चाहिए?

मौजूदा दौर में लोगों की लाइफस्टाइल देखते हुए डॉक्टर सलाह देते हैं कि स्वस्थ्य लोगों को दो से तीन माह में डायबिटीज की जांच करवानी चाहिए। जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है, उन्हें हफ्ते में एक बार जांच करवानी चाहिए। वहीं डायबिटीज के मरीजों के लिए जरूरी है कि वे दिन में 3 से 4 बार इसका स्तर जांचे। डायबिटीज मरीजों को नियमित रूप से इंसुलिन लेना होती है। इंसुलिन को इंजेक्शन की मदद से लिया जाता है। कारण - पेट में मौजूद एंजाइम दवा का पूरा असर नहीं होने देते। डायबिटीज को कंट्रोल करने की कई दवाएं भी हैं, जिन्हें टेस्ट और डॉक्टर से परामर्श के बाद ही लिया जाना चाहिए। डॉक्टर्स द्वारा सामान्य रूप से दी जाने वाली दवाओं के नाम हैं - मेटमोर्फिन, सुल्फनीरूलियस, मेगलिटिनॉइड्स, जीएसपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्टर। टाइप-2 डायबिटीज मरीजों को मेटमोर्फिन दवा सबसे पहले दी जाती है। यह शरीर में इंसुलिन का इस्तेमाल बढ़ा देती है और लिवर कम ग्लूकोज बनाने लगता है।

टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों के लिए बैरिएट्रिक सर्जरी भी एक इलाज है। यह सर्जरी उन मरीजों पर होती है, जिनका बॉडी मास इंडेक्स 35 से ज्यादा है। यह एक तरह से पेट की बायपास सर्जरी है।

### टाइप-2 डायबिटीज कम करने में मददगार घरेलू चीजें

इसके अलावा खानपान में खास चीजों को शामिल कर इससे बचा जा सकता है। ब्लड में शुगर लेवल को कंट्रोल करने में करेला, मेथी, एलोवेरा, नीबू, ग्रीन टी, लहसुन और पालक का सेवन लाभकारी होता है। इसके साथ ही डायबिटिक पेशेंट्स को चीनी, तली-भुनी चीजें, डेयरी उत्पाद, चाय-कॉफी, तंबाकू, शराब, अधिक कार्बोहाइड्रेट वाले पदार्थ जैसे आलू, गाजर, चावल, केला और ब्रेड से परहेज करना चाहिए।



# सावधान! सर्दियों के मौसम में बढ़ जाता है दिल के दौरे का खतरा

सर्दियों का मौसम खुशनुमा होता है। न गर्मी, न पसीने की चिप चिप, न नमी न कीचड़। इस खुशनुमा मौसम में गुनगुनी धूप में बैठने का आनंद ही कुछ अलग है, लेकिन, यह मौसम अपने साथ सेहत की कई परेशानियां भी लेकर आता है। खासतौर पर बुजुर्गों के लिए या यूं भी कहा जा सकता है कि सर्दियां उम्र का अर्धशतक पूरा कर लेने वाले व्यक्ति के लिए चुनौती बढ़ा देती हैं।

कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर सुशांत निकम बताते हैं कि सर्दियों में हार्ट अटैक के मामले सबसे ज्यादा होते हैं, जिसकी वजह ज्यादा ठंड होने के साथ-साथ जीवनशैली में बदलाव भी हो सकता है। विभिन्न अध्ययन से पता चलता है कि दिल के दौरे का खतरा सर्दियों में 50 फीसदी बढ़ जाता है। ठंड का मौसम हमारे शरीर की गर्मी चुरा लेता है और शरीर को अपने तापमान को संतुलित बनाए रखने के लिए वातावरण से लड़ना पड़ता है। विशेष रूप से बुजुर्गों को, जिनके शरीर में फैट की परत पतली हो जाती है और तापक्रम को महसूस करने की क्षमता घट जाती है। इसके अलावा वह सभी लोग जो हृदय संबंधी बीमारियों से ग्रसित हैं, उनके लिए सर्दियों का मौसम दिल का दुश्मन साबित हो सकता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने यह निष्कर्ष निकाला है कि सर्दियों में खुद को गर्म रखकर आप अपने हार्ट की देखभाल कर सकते हैं।

कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर पुनिश सडाना भी इस मौसम में बदली जीवनशैली को ज्यादा बड़ा खतरा मानते हैं। सर्दियों में दिल के दौरे की संभावना को बढ़ाने वाले कारक इस प्रकार हैं- व्यायाम या शारीरिक गतिविधि का कम हो जाना - सर्दियों में ज्यादा ठंड होने के कारण बाहर कम निकल पाते हैं और लोग कंबल या बिस्तर में बैठकर समय ज्यादा गुजारते हैं, जबकि शरीर को गर्म रखने के लिए और हार्ट को एक्टिव रखने के लिए व्यायाम, पैदल चलना और वर्कआउट जरूरी है। जब ठंड बढ़ती है, तो व्यायाम शरीर को गर्म रखने के अलावा दिल को मजबूत बनाता है। हृदय रोग विशेषज्ञों का कहना है कि हर समय एक्टिव रहने से हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है।

**क्या करें**

फोन पर बात करते समय कमरे के अंदर या बाहर टहलें। गाड़ी को ऑफिस से दूर पार्क करें, ताकि पैदल चल सकें। ऑफिस में काम करते समय हर घंटे खड़े होकर 1 मिनट के लिए बॉडी और पैरों को स्ट्रेच करें। सुबह धूप निकलने के बाद एक या 2 किलोमीटर टहल आएं।

**क्या करें** - कमरे का तापमान कम से कम 15 से 19 डिग्री सेल्सियस रखें। नेशनल स्लीप फाउंडेशन के मुताबिक 7-8 घंटे की नींद स्वस्थ रहने के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए इससे कम भी न सोएं और ज्यादा तो हरगिज नहीं।

### स्ट्रेस लेवल का बढ़ना

स्ट्रेस लेवल का बढ़ना हार्ट अटैक का एक मुख्य कारण होता है। सर्दियों में छुट्टियां होने से बाहर घूमने जाने के सारे इंतजाम और बुजुर्गों का घर में अकेले पड़ जाने जैसी बातें भी स्ट्रेस लेवल को बढ़ा देती हैं। स्ट्रेस लेवल बढ़ने से कॉर्टिसोल एड्रीनलीन जैसे स्ट्रेस हार्मोन खून में बढ़ जाते हैं। इसके साथ ही शरीर के लिए नुकसानदायक प्रोटीन साइटोकींस बनने लगता है, जो हृदय की धमनियों को सख्त करता है, इससे हॉट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

**क्या करें** - स्ट्रेस लेवल बढ़ने के सही कारण को पहचानें और उसको दूर करें। बुजुर्गों को अकेला न छोड़ें। अगर अकेले हों तो किसी को साथ में रहने को बुलाएं और मनपसंद टीवी प्रोग्राम देखें। योगा और मेडिटेशन से स्ट्रेस को कंट्रोल करें।

### फ्लू या सर्दी जुकाम होना

सर्दियों के मौसम में फ्लू का वायरस तेजी से फैलता है और यह एक दूसरे के संपर्क में आने से बढ़ने लगता है। आश्चर्य है फ्लू से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

**क्या करें** - मौसम की शुरुआत में ही फ्लू का वैक्सीन लें। इसके अलावा बचाव करना भी जरूरी है। पब्लिक प्लेस पर नाक मुंह को ढक कर रखें, हाथों को साबुन से धोएं। सार्वजनिक जगहों पर नाक मुंह पर हाथ रखने से बचें।

### मुश्किल हालात में काम करना

यदि किसी व्यक्ति को पहले से ही दिल की बीमारी या हार्ट अटैक अनुभव हो चुका है तो उसे खतरों से परिचित होना चाहिए। शारीरिक क्षमता की एक सीमा है। इसके विपरीत काम करना हार्ट अटैक व स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा देता है।


**क्या करें** - कमरे के बाहर ठंडे तापमान में गर्म कपड़े पहन कर ही जाएं। मेहनत का कोई भी काम करने से पहले शरीर को गर्म करें या वार्म अप करें। ज्यादा ठंड में बाहर न जाएं। जैसे- सुबह-सुबह चलना, बर्फ में खेलना, तेज ठंड में टू-व्हीलर चलाना आदि। चूंकि अधिक ठंड से शरीर में रक्त के थक्के बनते हैं व गाढ़ा होने की प्रवृत्ति पाई जाती है इसलिए शरीर को हाइड्रेट रखें और पर्याप्त पानी पीना जरूरी है।

### खानपान पर ध्यान दें

सर्दियों के मौसम में पार्टियां और कई किस्म के फेस्टिवल होते हैं, जिनमें अल्कोहल का सेवन आम प्रचलन है। अल्कोहल ज्यादा लेने से आपको अंदर से गर्माहट महसूस होती है और बाहर के ठंडे तापमान का अंदाजा नहीं हो पाता, जिससे ठंड में ज्यादा बाहर रहने से धमनियां सिकुड़ जाती हैं, खून का दौरा कम या तेज हो जाता है स्ट्रोक और हार्ट अटैक की संभावना 80 फीसदी तक बढ़ जाती है।

**क्या करें** - तय सीमा से अधिक अल्कोहल न लें। लेयर्स (परतों) में कपड़े पहनें। पतली लेयर या गर्म इनरवेयर जरूर पहनें। गर्मी महसूस होने पर एकदम कपड़े न उतारें। एक-एक लेयर उतारकर नॉर्मल हो जाएं। इसके अलावा खाने-पीने में अधिक वसायुक्त और मीठी चीजें न लें। नमक और चीनी का सेवन कम करें। ताजे फल-सब्जी को अपने आहार में शामिल करें, अधिक ठंड में गुड़, सूप, अदरक-तुलसी की चाय, गरम दूध आदि का सेवन करें। सूखे मेवे भी आपके शरीर को सही पोषण और गर्माहट देंगे।

## सेहत



# इन आदतों को अपनाएं बाल झड़ना होंगे कम

सर्दियां आते ही स्किन और हेयर से जुड़ी हुई कई समस्याएं भी सामने आने लगती हैं। इन समस्याओं में सबसे पहले नाम आता है, हेयर फॉल यानी बालों के झड़ने का। कई बार बाल झड़ने की समस्या इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि हमें लगने लगता है कि कहीं हम गंजे न हो जाए। ऐसे में हमें तनाव होने लगता है और इस तनाव की वजह से भी बाल झड़ने लगते हैं, अगर आपको भी यह परेशानी हो रही है, तो हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं, जिससे आपको इस समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी-

### गर्म पानी से न धोएं बाल

बालों को धोने के लिए हल्का गर्म या गुनगुना पानी यूज करने से स्कैल्प में मौजूद पोर्स यानी रोमछिद्रों को खोलने में मदद मिलती है। बालों को धोते वक्त आखिर में बालों को ठंडे पानी से धोएं, ताकि स्कैल्प को पोर्स बंद हो जाएं।

### हेयर प्रॉडक्ट यूज करने का सही तरीका

हेयर कंडिशनर को हमेशा बालों के सिरों पर लगाएं, क्योंकि यही वो हिस्सा होता है, जो सबसे ज्यादा डैमेज होता है। आप चाहें तो बालों के लिए डीप कंडिशनिंग ट्रीटमेंट भी यूज कर सकती हैं और इसके बेहतर फायदों के लिए हेयर मास्क भी लगा सकती हैं।

### हीट स्टाइलिंग से पहले बालों को करें प्रोटेक्ट

अगर आप बालों को स्टाइल करने के लिए हीट स्टाइलिंग इक्वप्मेंट्स जैसे स्ट्रेटनर का इस्तेमाल करती हैं तो बालों पर पहले हीट प्रोटेक्टेंट प्रॉडक्ट या हेयर सीरम लगा लें, ताकि बालों को हीट से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। स्टाइलिंग टूल्स को हमेशा लो या मीडियम हीट पर यूज करें, ताकि बालों में स्प्लिट एंड्स न हो।

### सोते वक्त बालों का रखें खास ख्याल

ध्यान रखें कि आप सोते वक्त जिस तकिए का इस्तेमाल कर रही हैं उसका पिलो कवर सिल्क मटीरियल का हो। ऐसा करने से बालों को स्मूथ सर्फेस मिलेगा और बाल डैमेज भी नहीं होंगे।

**हफ्ते में दो बार बालों में तेल लगाएं**

हम में से ज्यादातर लोग बालों में तेल लगाना पसंद नहीं करते। उन्हें लगता है कि ऐसा करने से वो तेलू या चंपू लगेंगे, लेकिन ऐसा नहीं है आप रात में तेल लगाकर सो सकते हैं, सुबह उठकर हेयर वॉश कर लीजिए। हेयर फॉल के लिए बालों में तेल न लगाना भी एक बड़ा कारण है।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

## काकुरो पहेली - 3401




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3400 का हल



## लॉफिंग जौन

एक चोर अदालत में अपनी गवाही देने खुद ही खड़ा हो गया। वहाँ खड़ा होकर जब वह अनाप-शनाप बकने लगा तो न्यायाधिश ने झुँझलाकर कहा- तुमको तो ठीक से झूठ भी नहीं बोलना आता।

चोर- तो मैं क्या करूँ महोदय।

न्यायाधिश- तुम एक वकील को अप्वाइंट क्यों नहीं कर लेते। ताकि तुम आसानी से झूठ बोल सको।

□ □ □

ब्यूटी-क्लीनिक पहुँची एक महिला डॉक्टर से बोली- मेरे चेहरे को और सुंदर बनाने के लिए क्या फीस लगेगी?

डॉक्टर साहब (गंभीर होकर बोले)- पाँच हजार पाँच सौ रुपए।

निराश होकर महिला बोली- इससे सस्ता कोई उपाय नहीं है क्या? सुझाइए न!

डॉक्टर साहन ने सलाह दी- इससे सस्ता उपाय भी है...। आप बस घूँघट काढ़ना शुरू कर दीजिए।

□ □ □

प्रेमी (प्रेमिका से)- क्या तुम जानती हो, संगीत में इतनी शक्ति है कि उससे पानी भी गरम हो सकता है।

प्रेमिका- हाँ हाँ क्यों नहीं! तुम्हारा गाना सुन कर मेरा खून खौल सकता है, तो फिर पानी क्यों नहीं?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3401



**बायें से दायें:-**

१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नांडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3400



## सूडोकु -3401

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3400 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## शब्द पहेली - 3401



**बाएँ से दाएँ**

1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**

1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

शब्द पहेली -3400 का हल



# प्रदेश सरकार कर रही हर वर्ग का विकास : राजेश नागर

## ग्रामीण क्षेत्र में करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण कार्यों का उद्घाटन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश प्रदेश बदल रहा है। हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज घरौंडा से होते हुए चांदपुर, फज्जूपुर, अरुआ से छायसा तक सड़क निर्माण कार्य का गांव के बुजुर्गों से नारियल फुड़वाकर उद्घाटन कराया।

### गांव के बुजुर्गों से नारियल फुड़वाकर कराया उद्घाटन

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर क्षेत्र में प्रदेश का चहुमुखी विकास किया गया है। फरीदाबाद शहर आने वाले समय में विकास की नई दौड़ में शामिल होने जा रहा है। जिससे विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में फरीदाबाद को विश्व में अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार और नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने लगातार योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की जनता को सशक्त करने का काम किया है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में गरीब, महिला, किसान सबका उत्थान हुआ है और युवा साथियों को बिना पर्ची, बिना खर्ची युवाओं को नौकरी मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है और हमारे देवतुल्य कार्यकर्ता पार्टी की शक्ति और सामर्थ्य हैं। इन्हीं सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा ने देश और प्रदेश में तीन बार सरकार बनाई है।

इस अवसर पर सरपंच ताराचंद, सरपंच सुभाष, पूर्व सरपंच देवेंद्र गोयल, मेंबर संजय अधाना, बाबू चंदीला, बीडीसी जय भगवान, पूर्व सरपंच अशोक, पूर्व सरपंच किशन चंद त्यागी, सचिन त्यागी, गौरव त्यागी, कर्मवीर शर्मा, संदीप अधाना, मंडल अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, पार्षद अनिल पाराशर, सरपंच विक्रम प्रताप, सरपंच सूरजपाल भूरा, मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जावेद, चेयरमैन रॉबर्ट, राव नारायण, सरपंच सुशील पार्षद, दयानंद नागर नेताजी, पूर्व सरपंच रविश्वर, पूर्व बीडीसी तेज सिंह अधाना, पूर्व सरपंच सतवीर, पूर्व सरपंच राकेश, सरपंच मुनेश, सुरेश त्यागी, युधिष्ठिर शर्मा, जगबीर कसाना, अजब चंदीला, घरौंडा सरपंच रामवीर, सरपंच धर्म सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### सरपंच सूरजपाल भूरा ने जताया मंत्री राजेश नागर का आभार



**फरीदाबाद।** घरौंडा से होते हुए चांदपुर, फज्जूपुर, अरुआ से छांयसा तक सड़क निर्माण कार्यों के लिए उद्घाटन करने पर चांदपुर गांव के सरपंच सूरजपाल भूरा ने राज्यमंत्री राजेश नागर का आभार प्रकट करते हुए कहा कि तिगांव विधान सभा को अब राज्यमंत्री का साथ मिल गया है जिसकी बदौलत यहां विकास कार्यों की लहर दौडेगी। उन्होंने कहा कि सरपंच एसोसिएशन की ओर से एवं चांदपुर गांव वासियों की तरफ से हम मंत्री जी का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। इन सडकों के बनने से आसपास के गांव के हजारों लोगों को फायदा होगा।

# यातायात को बेहतर करने के लिए पुलिस द्वारा भरवाये गए गड्ढ़े



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर के निर्देश पर यातायात पुलिस आए दिन सड़कों पर जहां गड्ढे हैं या अन्य त्रुटि है उसके समाधान के लिए जुटी हुई है इसका एक ताजा उदाहरण आज नीलम गोल चक्कर पर देखने को मिला जहां पर रोड सेफ्टी इंस्पेक्टर राजेश ने अपनी पुलिस टीम के साथ गड्ढे भरवाने का काम किया, समाजसेवी व रोड सेफ्टी ऑफिसर एमपी सिंह ने भी समस्या से निजात पाने के लिए अपना सहयोग दिया। नीलम गोल चक्कर के घेरे के साथ बने गढो को जेसीबी के माध्यम से मलबा भरवा कर लेवलिंग कराई गई। लेवलिंग करने के बाद सड़क पर तारकोल कंक्रीट डालकर समतल किया गया। इन गढ़ों की वजह से वहां पर थोड़ी सी बूंदाबांदी में भी पानी भर जाता था जिसकी वजह से जाम की स्थिति बन जाती थी वाहन चालको इस समस्या से परेशानी झेलनी पड़ती थी। वहीं दूसरी तरफ आज इंस्पेक्टर दर्पण कुमार ने हाईवे बड़खल चौक पर बीकानेर दुकान के (कोने) कॉर्नर पर खड़े एक (इलेक्ट्रिसिटी पोल) बिजली के खम्भा की वजह से वहां पर भी जाम लगता है संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया जिसके संबंध में आज स्मार्ट सिटी के एक्सीईन ज्ञानेंद्र प्रकाश वाधवा, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक्सीइन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी, (राष्ट्रीय राजमार्ग) के मेंटेनेंस अधिकारी रचित सहित अन्य अधिकारियों को समस्या को इंगित करते हुए मौके पर ही चर्चा की। समस्या के समाधान के लिए खम्भे को शिफ्ट करने की कवायद शुरू की गई।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अजमेर शरीफ के लिए भेजी गई चादर का गुरूग्राम पहुँचने पर चौधरी जाकिर हुसैन के नेतृत्व में भव्य स्वागत

### भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नेतृत्व में गुरुग्राम के नागरिकों ने किया जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रसिद्ध सूफ़ी संत हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिस्ती के 831वें उर्स के मौके पर अजमेर शरीफ दरगाह में भेजी चादर को लेकर शुक्रवार दोपहर को जमाल सिद्दीक़ी अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा व अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ ईदगाह मस्जिद , राजीव चौक, गुरुग्राम पहुँचे, वहाँ पहुंचने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नेतृत्व में गुरुग्राम के नागरिकों व नेताओं द्वारा उनका फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। जमाल सिद्दीक़ी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सर्वधर्म, सभी मज़हबों का कद्र करते हैं और वे हर वर्ष इस मौके पर चादर भेजते हैं। ये हमारा सौभाग्य है कि यह जिम्मेदारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा को सौंपी जाती है। इस बार भी अल्पसंख्यक केन्द्रीय मंत्री किरन रिजीजू व उनके नेतृत्व में इसकी जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम पहुंचनें पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नेतृत्व में गुरूग्राम के सैंकडों प्रमुख लोगों ने आज चादर का स्वागत किया है। भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के अमन-चैन व विकास के लिए हर वर्ष अजमेर शरीफ स्थित दरगाह में चादर भिजवाई जाती है और यह जिम्मेदारी केन्द्रीय मंत्री किरन रिजीजू व राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा को दी गई है।

# खंड नगीना में चलाई जाए सिटी बस सेवा : रजत जैन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** खंड नगीना के आसपास के गांवों को जोड़ने के लिए सरकार ने अधिकांश गांवो में सड़के का निर्माण करवाया। लेकिन सरकारी यातायात संसाधनों की व्यवस्था ना होने की वजह से खंड के गाँवो की जनता को खंड मुख्यालय तक अपने कार्य के लिए आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### नगीना खंड के गांवो को जोड़ने के लिए चलाई जाए सिटी बस सेवा : रजत

### सिटी बस सेवा ना होने की वजह से जनता को उठानी पड़ती है परेशानी : रजत



उक्त जानकारी देते हुए सर्व जातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन ने बताया की प्रत्येक सरकार अपने अपने शासनकाल में अधिक से अधिक विकास करवाने का दावा करती है। लेकिन उनके ये दावे कितने सार्थक हैं उसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की जिला नूँह 2005 को बना, सरकार विकास को लेकर कितनी गम्भीर है, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिला बने लगभग 20 वर्ष का समय बीत जाने के उपरांत भी खंड नगीना में सिटी बस सेवा का संचालन ना होना अपने आप में चिंता का विषय है।

उन्होंने बताया कि खंड के गांवो की जनता को अपने निजी व सरकारी कार्यो के लिए खंड मुख्यालय नगीना आना जाना पड़ता है लेकिन संसाधनों के अभाव की वजह से उन्हें अवैध रूप से चलने वाले वाहनों या निजी वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है। जिसकी वजह से ये काफी मुश्किल व खतरनाक होता है। इसके अलावा उन्हें मानसिक व शारीरिक परेशानियों का सामना करने के साथ, आर्थिक नुकसान भी वहन करना पड़ता है।

रजत जैन की सरकार व प्रशासन से मांग है कि मोहम्मदबास, नांगल मुबारिकपुर, नांगल सावत, साटावाडी, गुमटबिहारी, नोटकी, फकरपुर खोरी, जैताका, अकलीमपुर, हवन नगर, माण्डीखेडा, आदि गांवो से नगीना गोहरवाली चौक तक के लिए सिटी बस सेवा चलवाई जाए जिससे की जनता अपने निजी व सरकारी कार्यो के लिए आसानी से आवागमन कर सके। जिससे कि नगीना खंड का भी सर्वांगीण विकास हो सके। सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भी जनता उचित प्रकार से समय पर लाभ उठा सकें। जनता अनावश्यक होने वाली परेशानियों से भी बच सके।

# फरीदाबाद में छाया कोहरा, कछुआ की चाल चले वाहन



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिसके चलते विजिबिलिटी शून्य रही और वाहन कछुआ चाल से चलते हुए नजर आए। उल्लेखनीय है कि गुरुवार रात भी सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। आज सुबह न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया।

वहीं दिन में अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेलसियस पहुंचने का अनुमान है। हवा की गति 10 किमी प्रति घंटा से चल रही है। फरीदाबाद के अलग-अलग इलाकों में आज सुबह ऐसा ही नजारा रहा। नेशनल हाईवे 19 के साथ-साथ बल्लभगढ़ के राजा नरसिंह मेट्रो स्टेशन के पास घना कोहरा नजर आया, जिसके चलते लोगों को गाड़ी चलाने में काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। ओल्ड फरीदाबाद इलाके में विजिबिलिटी काफी कम नजर आई, जिसके चलते बिल्डिंग के तक नहीं ठीक से दिखाई दे रही थी। किसान जीतराम डागर ने बताया कि कोहरा और ठंड काफी जरूरी है, जिससे गेहूं की फसल को फायदा होता है। यदि ज्यादा पाला पड़ जाए तो सरसों को नुकसान पहुंच सकता है।

उन्होंने बताया की जहां घने कोहरे के फायदे हैं तो नुकसान भी है। किसान जीत राम के मुताबिक आवारा पशुओं से किसानों को इस घने कोहरे में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है क्योंकि घने कोहरे के चलते किसानों को आवारा पशु नजर नहीं आते है।

# मेवला महाराजपुर और ओल्ड फरीदाबाद के अंडरपास होंगे रोशन

## दीवारों के अंदर थ्री डी डिजाइन और वर्टिकल हरियाली दिलाएगी प्रकृति का अहसास



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने फरीदाबाद के दो अंडरपास का थ्रीडी ब्यूटीफिकेशन सहित वर्टिकल गार्डन तैयार करने के दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस योजना पर जल्द ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

फरीदाबाद नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर और ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास की सुंदरता बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाएगा, इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है जल्द ही इन दोनों अंडरपास का ब्यूटीफिकेशन का कार्य शुरू कराया जाएगा और आने वाले समय में ये अंडरपास शहर के सबसे सुंदर अंडर पास दिखाई देगे। अंडरपास में मुख्य रूप से अर्बन ग्रीनरी, वर्टिकल गार्डन,लाइट 3 डी डिजाइन जैसे कार्य कराए जाएंगे। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अंडरपास से आने जाने वाले शहरवासियों को प्रकृति की सुंदरता का अहसास हो सके और पर्यावरण और प्रकृति के रखरखाव के प्रति जागरूक हो सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही फरीदाबाद निगम इन दोनों अंडरपास की सुंदरता को बढ़ाने के लिए कार्य की शुरुआत करेगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर प्रारंभ



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** फिरोजपुर झिरका (नूंह) पाटखोरी गांव में स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य परवीन सैनी ने शिविर का शुभारंभ अपने संबोधन से किया। परवीन सैनी ने स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में हर स्वयं सेवक राष्ट्र के लिए खुद को तथा अपनी सेवाओं को समर्पित करने का प्रण ले। शिविर प्रभारी पदम सिंह ने बताया कि सात दिवसीय विशेष शिविर की थीम यूथ फॉर माय भारत और डिजिटल लिटरेसी है। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए प्राचार्य मोहम्मद शाहिद ने राष्ट्रीय सेवा योजना को समाज के लिए अत्यधिक लाभप्रद बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मकसद विद्यार्थियों को देश और समाज के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना है। शिविर में यातायात सुरक्षा और नशा मुक्ति पर चर्चा की गई। प्रवक्ता सुरेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना को सेवा भावना विकसित करने वाली गतिविधि बताया। स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने विद्यालय अपने परिवेश को स्वच्छ रखने का प्रण लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य परवीन सैनी, बनवारी लाल,प्रवक्ता पदम सिंह, शाहिद, सुरेश कुमार, जितेन्द्र जैन,अमित कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

# नॉर्थ इंडिया मुएथाइ चैंपियनशिप में फरीदाबाद के बच्चों ने तोडा रिकार्ड

## गोपाल स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट्स अकादमी की ऐतिहासिक सफलता






**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** जम्मू-कश्मीर में आयोजित नॉर्थ इंडिया मुएथाइ चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। 30 से 31 दिसंबर तक दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में गोपाल स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फरीदाबाद जिले का नाम का नाम पूरे देश में रोशन किया।

मुएथाइ एसोसिएशन जम्मू और कश्मीर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में अकादेमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मैडल जीतकर इतिहास रच दिया। इन विजेताओं ने अपनी मेहनत, समर्पण और जोश के साथ अपने और अकादमी का नाम रोशन किया है।

कोच राकेश शर्मा के अनुसार भविष्य में भी इन खिलाड़ियों से यही उम्मीद की जाती है कि वे इसी प्रकार अपनी मेहनत और प्रदर्शन से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करेंगे।

इस चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में निखिल शर्मा, निखिल देशवाल, प्रीतिका धारीवाल, हिमांशी रावत, हिमांशी भारद्वाज, अंशु, मोंटी, आहिल, यश कौशिक, कृष्णा रावत, नैतिक, और अंकिता जैसी प्रतिभाओं ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। ब्रॉन्ज मेडल विजेताओं में देव शर्मा, विभोर मुदगिल, सन्नी, प्रिंस, रुशलान, माधव, और शौर्य का नाम शामिल है। सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाली खिलाड़ी अंकिता है।

इन विजेताओं की कड़ी मेहनत और प्रशिक्षकों की देखरेख ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। इन खिलाड़ियों के माता-पिता और अभिवावकों ने भी इनकी सफलता पर खुशी जताई और उन्हें बधाई दी।

इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि अगर किसी को सही मार्गदर्शन मिले और वह अपनी मेहनत में पूरा विश्वास रखे, तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। राकेश शर्मा की अकादेमी अब न केवल हरियाणा बल्कि पूरे भारत में एक प्रेरणा बन चुकी है। इन खिलाडियों की यह जीत भविष्य में और भी बच्चों को स्पोर्ट्स के क्षेत्र में प्रेरित करेगी, और वे भी इसी तरह अपनी मंजिल की ओर बढ़ेंगे।

## संपादकीय

# स्कूलों में घट रही है छात्रों की संख्या



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है?

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है। शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्त्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है।

# कनीना में अस्थाई बस स्टैंड की निर्माण जल्द होगा पूरा : जीएम अनीत यादव

**बस स्टैंड क्षेत्र का अवलोकन कर यात्री सुविधा में बढौतरी का दिया आश्वासन**

**शौचालय तथा स्वच्छ पेयजल की समस्या भी जल्द होगी दूर**





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में 40 वर्ष पूर्व बनाए गए बस स्टैंड भवन को तोडे जाने के बाद अब यात्रियों को जल्द ही अस्थाई बस स्टैंड भवन की सुविधा मिलेगी। राडवेज महाप्रबंधक अनीत यादव ने शुक्रवार को कनीना बस स्टैंड सहित पूरे परिसर का अवलोकन करने के बाद कहा कि टीनशैड का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जिसके पूरा होने पर यात्रियों को सुविधा होगी। इसे पूर्व बस स्टैंड पर अस्थाई व्यवस्था न होने से यात्रियों को सर्दी,बारिश के मौसम में बुनियादी सुनिधाओं से जूजना पड रहा था। भवन तोडे जाने के बाद सपाट दिखाई देने वाली जमींन पर पिछले दिनो हुई बारिश का पानी जमा है जिसकी निकासी के लिए लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ आलोक कुमार व जेई के साथ मौका देखकर व्यवस्था बनाने को कहा। यात्रियों को भवन के साथ-साथ बैठने की सीटें,शौचालय एवं पेयजल की समस्या से दो-चार होना पड रहा था। जीएम रोडवेज ने इन समस्याओं के शीघ्रता से समाधान का आश्वासन दिया है। सुरेश यादव, मोहन सिंह,मा कृष्ण सिंह, एडवोकेट मनोज शर्मा ने कहा कि कनीना बस स्टैंड से कोसली, दादरी, भिवानी, रेवाडी, गुरूग्राम, दिल्ली, अटेली, नारनौल, जयपुर,महेंद्रगढ सहित विभिन्न स्थानों के लिए रोडवेज एव सहकारी समिति की बसों में सैंकडों चक्कर के माध्यम से 3000 से 3500 यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं। टीन शैड तैयार होने के बाद यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

**शौचालय एवं पेयजल की समस्या भी होगी दूर**

रोडवेज के महाप्रंबंधक अनीत यादव ने पत्रकारों से बातचीत में बतया कि उनकी ओर से नए बस स्टैंड भवन का नक्सा सहित ऐस्टीमेट तैयार कराया जा रहा है। उनका प्रयास है कि शीघ्र ही ये कार्य पूरा कराया जाए। बस स्टैंड का नया भवन बनने तक यहां पर यात्रियों को शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। अनीत यादव ने बताया कि कनीना बस स्टैंड भवन तोडे जाने के बाद चीफ आर्किटेक्ट की ओर से नक्से के अंतिम रूप दिया जा रहा है। बजट के लिए भी पत्र व्यवहार किया गया है। उसके बाद बजट को मंजूरी मिले के बाद लोकनिर्माण की ओर से टेंडर प्रक्रिया शुरू की जायेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए सप्ताहभर में अस्थाई रूप से टीनशैड की सुविधा मिलने लगेगी। इस मौके पर अड्डा इंचार्ज सुनील कुमार, नाजिर अरविंद यादव, राजेश कुमार, मा सुदेश राता, कुलदीप सरपंच राता, रामबीर अड्डा इचांर्ज महेंद्रगढ, इंद्रसिंह चालक सहित रोडवेज कर्मचारी व यात्री उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों की मदद करना बहुत पुण्य का कार्य : महेंद्र मान



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** हसला भिवानी के नवनियुक्त प्रधान महेंद्र मान ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढिगावा जाटान में मनोविज्ञान प्रवक्ता पूनम राहड द्वारा विद्यार्थियों को स्वेटर और जूते का वितरण करते हुए कही ।उन्होंने कहा दान और मदद किसी भी रूप में की गई हो वह पुण्य कार्य ही माना जाता है। उन्होंने पूनम राहड़ और प्रवेश सांगवान द्वारा विद्यालय के जरूरमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर और जूते उपलब्ध करवाने के नेक कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने आगे कहा की दान करना हर व्यक्ति के भाग्य में नहीं लिखा होता है यह केवल विरले व्यक्तियों के हिस्से में आता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय प्राचार्य श्री जयप्रकाश रंगा ने विद्यालय की प्रवक्ता पूनम राहड़ और प्रवेश सांगवान कि इस पुनीत कार्य की लिए धन्यवाद किया और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में किसी ने किसी रूप में जरूरतमंद की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय की प्रथम कक्षा से आठवीं तक के प्रत्येक विद्यार्थी को पूनम राहड़ ने जूते और गर्म वस्त्र उपलब्ध करवाए हैं। उन्होंने बताया की कक्षा 9 से 12 तक के सभी जरूर मंद छात्र-छात्राओं को भी स्वेटर और जूते उपलब्ध करवाए गए हैं। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल सुरेंद्र सिंह वर्मा, डॉक्टर कुलदीप सिंह, जसवीर सिंह, जसबीर सिंह, सुनील कुमार, डॉक्टर सुमन आर्य, प्रमिला, सरिता चौधरी, रेखा उमेद सिंह,मांगेराम पीटीआई रमेश गुलिया,आदि उपस्थित रहे।

# पीएमश्री जेएनवी विद्यालय करीरा से 10वीं कक्षा का छात्र लापता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** महेंद्रगढ जिले के एकमात्र पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में पढने वाला 10वीं कक्षा का छात्र अचानक लापता हो गया। जिसकी खोजबीन के लिए प्राचार्य ने कनीना सिटी थाने में दरखास्त दी है। इस बारे में विद्यालय के प्राचार्य राजीव सक्सेना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके विद्यालय में 10वीं कक्षा में पढने वाला छात्र नवदीप 2 जनवरी को सुबह करीब साढे आठ बजे हॉस्टल की दीवार फांदकर चला गया। बताया जा रहा है उसने एक दिन पूर्व ही विद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराई थी। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र की खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने छात्र की गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव : मनमोहन सिंह भडाना

**विधायक ने गुर्जर छात्रावास और लाइब्रेरी भूमि खरीद के लिए दी 5 लाख की सहायता राशि**

**गुर्जर नेता का गर्मजोशी से हुआ स्वागत**



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** विधायक मनमोहन सिंह भडाना ने कहा कि किसी भी समाज का उत्थान केवल शिक्षा से ही संभव है। शिक्षा वह साधन है जो समाज को केवल शिक्षित ही नही करती वरन व्यक्ति के आत्मीय विकास में भी अहम योगदान निभाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अच्छा पढ़ा लिखा युवक अपने दम पर सरकारी नोकरी हांसिल कर रहा है। सरकार शिक्षा व रोजगार को लेकर काफी गम्भीरता से काम कर रही है। जिसका लाभ प्रदेश के युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने गुर्जर कल्याण परिषद नारनौल को गुर्जर छात्रावास व लाइब्रेरी की भूमि खरीद के लिए भी 5 लाख रुपए की सहायता राशि दी। भडाना समालखा से विधायक बनने के बाद पहली बार ब्रहस्पतिवार को नारनौल व नांगल चौधरी क्षेत्र के अलग अलग कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुँचे थे। अपने गुर्जर नेता के यहाँ पहुँचने पर लोगों की अपार भीड़ ने जगह जगह पर उनका फूलमाला, पगड़ी पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

विधायक भड़ाना ने कहा कि समाज मे व्याप्त रूढ़ियों को मिटाने पर ही समाज आर्थिक रूप से सुदृढ़ बन सकेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के महत्व को सभी जानते है। किन्तु आज भी जागरूकता की कमी है। उन्होंने कहा कि जब गुर्जर छात्रावास ओर लाइब्रेरी बनकर तैयार हो जाएगी। इसका लाभ सैकडों जरूरतमंद छात्रों को मिलने लगेगा। इस अवसर पर गुर्जर कल्याण परिषद नारनौल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह भरगड, सचिव विजय रावत, कोषाध्यक्ष कुलदीप चंदेला, धर्मबीर सिंह राठी, सह सचिव चेतराम सरपंच, डा रामवतार सिंह चंदेला, मामन भरगड आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगजनों को आज कनीना में वितरित किए जाएगें जरूरी उपकरण

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के राजकीय महाविद्यालय में आज 4 जनवरी शनिवार को वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला रेड क्रॉस सोसाइटी एवं एलिम्को संगठन के सहयोग से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों इलेक्ट्रिक साइकिल, व्हीलचेयर, कमर की बेल्ट, ग्रीवा कॉलर, घुटने के दर्द के गोठियां, कान की मशीन, चलने के वॉकर और बैंत आदि सामान प्रदान किया जाएगा। जनशक्ति युवा संगठन के प्रधान दीपक वशिष्ठ ने बताया कि लाभार्थी के पास दिव्यांग प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, इलेक्ट्रिक साइकिल की जरूरत वाले व्यक्तियों को 80 फीसदी दिव्यांग प्रमाण-पत्र जरूरी है।

# धनौंदा में दूसरे दिन भी हुई फुटबॉल प्रतियोगिता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** धनौंदा के बाबा दयाल की 70वीं स्मृति में शुक्रवार को दूसरे दिन हुई एक पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता में टीमों में कडा मुकाबला रहा। सूरत सिंह ने बताया कि कनीना सब डिवीजन के गांव धनौंदा में आयोजित इस प्रतियोगिता में करीब तीन दर्जनभर टीमें हिस्सा ले रही हैं। 4 दिवसीय इस फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन 5 जनवरी को होगा। जिसमें विजेता टीमों को नकद राशि सहित शिल्ड प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

# दनचौली में बनेगी लड़कियों के लिए लाइब्रेरी विधायक ने दी सहायता राशि

**नांगल दरगू में सरकारी अस्पताल निर्माण को दिलवाएंगे मंजूरी**



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** समालखा विधायक मनमोहन सिंह भड़ाना ने ब्रहस्पतिवार को निजामपुर उपखण्ड के गांव दनचौली में पहुँचे। उन्होंने यहाँ आयोजित तीसरी शहीद हंसराज छिल्लर बालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विधायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल क्षेत्र में भी छात्र--छात्राएं अपना कैरियर बना सकते है। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर नित नई योजनाएं लेकर आ रही है। अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए खेल एक अच्छा मंचन है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को भी शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही है।

भड़ाना ने कहा कि शिक्षा व संस्कार से ही व्यक्ति उन्नति की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने दनचौली में लड़कियों की लाइब्रेरी के लिए पांच लाख इक्यावन हजार की सहायता राशि देने की भी घोषणा की।

विधायक मनमोहन सिंह भड़ाना ने नांगल दरगू पहुँचकर भी लोगों की भीड़ को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से उनका बहुत पुराना नाता है। वह हमेशा यहाँ के लोगों के सुख दुख में साथ रहे है। उनके द्वारा पहनाई गई पगड़ी के सम्मान में कभी कमी नही आने दी जाएगी। इसके बाद उपस्थित करीब एक दर्जन से अधिक गांवो के लोगों ने विधायक से नांगल दरगू में एक 16 बैड के अस्पताल की मांग की। ग्रामीणों ने इसके निर्माण के लिए उन्हें बस स्टैंड के पास ही जमीन भी दिखाई। इसके बाद पंचायत कि ओर से विधायक को लिखित में एक मांग पत्र भी सौपा गया। जिसपर भड़ाना ने ग्रामीणों को अस्पताल निर्माण के लिए आश्वस्त करते हुए कहा कि वे उनकी मांग को सरकार के समक्ष रखकर पूरा करवाने का भरसक प्रयास करेंगे । इस अवसर पर उनके साथ प्रमुख समाजसेवी परमेश सांगवान, जोगेंद्र छिल्लर, रामकिशन पहलवान सहित भारी संख्या में लोगों की भीड़ उपस्थित रही।

# 21 दिन बाद भी नहीं हो सका बागोत के युवक का अंतिम संस्कार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव बागोत में 26 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के 21वें दिन भी शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका। उत्पन्न हुए मौजूदा होातों के मद्देनजर मृतक के परिजन तथा प्रशासनिक अधिकारी असमंजस में हैं। मृतक के पिता कैलाशचंद परेशान होकर 8 व्यक्तियों के विरूध कार्रवाई की मांग पर अडे हुए हैं। उनका कहना है कि सरकार व प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो वे भी सुसाईड कर सकते हैं। उन्होंने पत्र में पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के अलावा कुछ प्रशासनिक अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है। जबकि प्रशासनिक अधिकारियों व गांव के मोजिजान लोगों तथा रिश्तेदारों द्वारा मृतक के पिता कैलाशचंद को समझाने के काफी प्रयास किए जा चुके हैं। मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम बीती 14 दिसंबर को किया गया था। उसके बाद 21 दिन से वह शव उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है।

# करीरा के ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से शुक्रवार को गांव करीरा में जल चैपाल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सरपंच सपना देवी ने की। विभाग के कनिष्ठ अभियंता पवन कुमार, खंड संयोजक मोहित कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि कुछ लोगों की नासमझी के कारण जल संरक्षण के साथ शुद्ध पेयजल प्राप्ति एक गंभीर चुनौती बन गया है। गामीण जल स्त्रोतों के पास गंदगी डालकर जल संरक्षण में रुकावट डालकर जल को दूषित करते हैं। बहुत से नागरिक नलों पर टूंटी भी नहीं लगाते। जिससे पेयजल की बर्बादी होती है। दूषित पानी के सेवन से जल जनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। जल जीवन मिशन अभियान से संबंधित समस्या के लिए उपभोक्ता विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805678 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक पेयजल की जांच जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की लैब में फ्री में करवा सकते है। इस अवसर पर ग्रामीण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सुझाव से समाधान विषय पर कार्यशाला आयोजित

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं हरियाणा सुझाव से समाधान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजकीय महिला महाविद्यालय गुरुग्राम सेक्टर 14 में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में महिला महाविद्यालय उन्हाणी के प्राचार्य डॉ विक्रम सिं ने बताया कि नषी शिक्षा नीति लागू होने पर शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन दिखाई देगा। उच्चतर शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.हेमन्त कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने अपने सम्बोंधन में कहा कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो चुकी है। इस उपलक्ष्य में 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती के अवसर पर हरियाणा के माननीय शिक्षा मंत्री कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रदेश के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों के साथ इस नीति के क्रियान्वयन के बारे में सुझावों के लिए एक पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। यह पोर्टल विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से बसंत पंचमी 2 फरवरी तक ओपन रहेगा। इस पोर्टल पर सभी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समाज के प्रबुद्ध वर्ग अपने सुझाव भेज सकते हैं, उनके सुझाव के अनुरूप युवा वर्ग को वैश्विक स्तर की शिक्षा दी जा सके और उन्हें योग्य बनाया जा सके।

# गाडी का रास्ता रोकर चालक से मारपीट करने के आरोप में केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-अटेली सडक मार्ग पर भोजावास के समीप गाडी का रास्ता रोककर चालक से मारपीट करने तथा बतमीजी करने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में मानपुरा निवासी देवलता ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह अपनी मां से मिलने के लिए अटेली गए थे। वहां से बस के सवार होकर वापिस लौटे। भोजावास पंहुचने पर उन्होंने गाडी बुला ली। जिसे मुनीम लेकर आया था। वे भोजावास से कुछ दूरी पर ही चले थे कि उनकी गाडी के सामने एक अन्य गाडी लगा दी। जिसमें से 7-8 व्यक्ति उतरे ओर चालक मुनीम को नीचे घसीट कर मारपीट की, उनसे भी बतमीजी की। आरोपी सभी व्यक्ति नशे में बताए गए। उन्हें गाडी में डालने की कौशि की तो उन्होंने पुलिस को कॉल कर घटना की जानकारी दी। जिसकी सूचना मिलते ही आरोपी व्यक्ति गाडी में सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने देवलता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कनीना-महेंद्रगढ मार्ग पर चलती कार में लगी आग, खिडकी तोड बचाई जान



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर, हनुमान मंदिर चेलावास के समीप शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे सडक पर चल रही एक मारूति वैन में अचानक आग लग गई। आगजनी के कारणों का मालुम नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कार महेंद्रगढ से कनीना की ओर जा रही थी जिसमें सवार 3-4 यात्रियों ने खिडकी तोडकर अपनी जान बचाई। हादसे की सूचना मिलने पर दकमल वाहन मौके पर पंहुचे ओर आगजनी पर काबू पाया। तब तक कार जलकर राख हो चुकी थी। घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# दोबारा तीन कृषि कानून को लागू करने की कोशिश कर रही केंद्र सरकार : केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि केंद्र सरकार पिछले दरवाजे से दोबारा तीन कृषि कानून को लागू करने की कोशिश कर रही है। श्री केजरीवाल ने एक्स पर कहा 'देशभर के किसानों की जानकारी के लिए मैं बता दूँ कि जो तीन काले क़ानून केंद्र ने तीन साल पहले किसानों के आंदोलन की वजह से वापस लिए थे, उन्हें 'पालिसी' कहकर केंद्र सरकार पिछले दरवाज़े से दोबारा लागू करने की तैयारी कर रही है। इस पालिसी की कॉपी उनके विचार जानने के लिए केंद्र ने सभी राज्यों को भेजी है।' उन्होंने कहा 'पंजाब में किसान कई दिनों से धरने और अनिश्चित अनशन पर बैठे हैं। इनकी वही मांगे हैं जो केंद्र सरकार ने तीन साल पहले मान ली थी लेकिन अभी तक लागू नहीं की। भाजपा सरकार अब अपने वादे से मुकर गई। भाजपा सरकार किसानों से बात तक नहीं कर रही। उनसे बात तो करो। हमारे ही देश के किसान हैं। भाजपा को इतना ज्यादा अहंकार क्यों है कि किसी से बात भी नहीं करते।' आप नेता ने कहा ''पंजाब में जो किसान अनिश्चित अनशन पर बैठे हैं भगवान उन्हें सलामत रखें लेकिन यदि उन्हें कुछ होता है तो इसके लिए भाजपा ज़िम्मेदार होगी।'

# दिल्ली के कई इलाकों में घना कोहरा छाया, न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर दिन के दौरान ठंड और कुछ इलाकों पर घना कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पालम मौसम केंद्र ने सुबह छह बजे बहुत घना कोहरा छाने की जानकारी दी है और इस दौरान दृश्यता शून्य मीटर रही। दिल्ली में अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। यहां बुधवार को अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रहा था। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को बताया कि दोपहर के समय हवा की गति बढ़कर 12 से 14 किलोमीटर प्रति घंटा हो जाने की संभावना है तथा शाम तक धीरे-धीरे ये घटकर आठ किलोमीटर प्रति घंटा से कम हो जाएगी। शाम और रात के समय धुंध एवं हल्का कोहरा छाए रहने के आसर हैं।

# शिवराज ने दिल्ली में किसानों की स्थिति पर आतिशी को लिखा पत्र

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में किसानों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को केंद्र की योजनाओं को लागू कर किसानों को राहत प्रदान करनी चाहिए। शिवराज ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि दिल्ली में आप पार्टी की सरकार किसानों के प्रति बेहद उदासीन है और किसानों के लिए आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार में कोई संवेदना नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आतिशी ने कभी किसानों के हित में उचित निर्णय नहीं लिये। यह पत्र बुधवार को लिखा गया और इसके प्रति गुरुवार को यहां जारी की गई। शिवराज ने कहा कि 10 वर्षो से दिल्ली में आप की सरकार है लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री ने हमेशा किसानों के साथ केवल धोखा किया है। केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में लागू नहीं किया। इस कारण से दिल्ली के किसान केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप पार्टी सरकार का किसानों के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैया है। एकीकृत बागवानी मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, बीज ग्राम कार्यक्रम सहित अनेक योजनाओं का लाभ किसान नहीं ले पा रहे हैं। केंद्र की कृषि योजनाएं लागू नहीं होने से किसान नर्सरी और टिशू कल्चर की स्थापना, रोपण सामग्री की आपूर्ति, फसल उपरांत प्रबंधन के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, नए बाग़, पाली हाउस एवं कोल्ड चैन की सब्सिडी सहित अनेक योजनाओं के लाभ नहीं ले पाये। किसानों को कृषि विकास योजना को लागू नहीं होने से कृषि मशीनीकरण, सूक्ष्म सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य, फसल अवशेष प्रबंधन, परंपरागत कृषि विकास योजना, कृषि वानिकी और फसल विविधीकरण के लिए सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ नहीं मिला। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली में ट्रैक्टर, हार्वेस्टर सहित किसान उपकरण का पंजीकरण कमर्शियल व्हीकल श्रेणी में किया जा रहा है, जिससे किसानों को अधिक दाम देना पड़ रहा है। दिल्ली में किसानों के लिए बिजली की उच्च दरें निर्धारित कर रखी है। यमुना से लगे गांवों में सिंचाई उपकरणों के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं, जिससे किसानों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। कृषि मंत्री ने पत्र में कहा कि राजनैतिक प्रतिस्पर्धा किसान कल्याण में बाधा नहीं बननी चाहिए। किसान कल्याण सभी सरकारों का कर्तव्य हैं। इसलिए दलगत राजनीति से उठकर आप पार्टी की सरकार को किसानों के हित में निर्णय लेने चाहिए।

# दिल्ली-एनसीआर में शीतलहर जारी, 6 जनवरी को बारिश की संभावना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में कोल्ड वेव का असर लगातार जारी है। जिस कारण लोग सर्दी के सितम से परेशान हैं। आने वाले दिनों में भी शीतलहर का प्रकोप देखने को मिलेगा, जिससे सर्दी और बढ़ जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, वर्तमान में चल रही हवा से दोगुनी तेज हवा चलने की संभावना है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा, मौसम विभाग ने 6 जनवरी को एनसीआर में बारिश की संभावना भी जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में शीतलहर जारी है और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। 2 जनवरी को सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री कम रहा, जिसमें सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री और पालम में 6.5 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में भी गिरावट होगी, जिससे दिन में भी ज्यादा सर्दी महसूस होगी। मौसम विभाग ने कोल्ड वेव का अलर्ट जारी करते हुए बताया कि दिल्ली और पूरे एनसीआर में 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है, जिससे लोगों को कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ेगा। पश्चिमी विक्षोभ के कारण पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों पर भी दिखाई दे रहा है। एक ओर जहां घने कोहरे और न्यूनतम तापमान में गिरावट से लोग परेशान हैं, वहीं बीच-बीच में हो रही बारिश मौसम को कुछ सामान्य जरूर करती है, लेकिन अगले दिन से फिर से लोगों को फिर घने कोहरे का सामना करना पड़ता है।

# दिल्ली एयरपोर्ट के आसपास छाया घना कोहरा, कई उड़ानों पर पड़ेगा असर, यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। गुरुवार को सड़कों पर घना कोहरा नजर आया जिस वजह से रोड पर वाहनों की रफ्तार थमी नजर आई। दिल्ली में घने कोहरे से विमान परिचालन भी बाधित हो सकता है। इस बीच दिल्ली एयरपोर्ट की ओर से यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। दिल्ली एयरपोर्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'दिल्ली हवाई अड्डे पर कम विजिबिलिटी की प्रक्रिया चल रही है। सभी उड़ान संचालन वर्तमान में सामान्य हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अपडेट की जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें।' वहीं, एक और पोस्ट में कहा, 'दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग और टेक ऑफ जारी रहने के दौरान, कैट 3 मानकों का पालन न करने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अपडेट जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है।' दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, रनवे पर विजिबिलिटी 200 से 500 मीटर के बीच थी, जबकि सुबह 6 बजे सामान्य विजिबिलिटी शून्य हो गई। जो उड़ानें कम विजिबिलिटी संचालन के लिए सक्षम थीं, वे उतरने में सक्षम रहीं, लेकिन अन्य उड़ानों को देरी या डायवर्जन का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुड़गांव समेत पड़ोसी क्षेत्रों में घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही की लोगों को खराब विजिबिलिटी और चुनौतीपूर्ण आवागमन स्थितियों के बारे में चेतावनी दी है।

# पंजाबी बाग फ्लाईओवर को सीएम आतिशी ने किया जनता को समर्पित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार की ओर से दिल्ली की जनता को एक और फ्लाईओवर की सौगात मिली है। सीएम आतिशी ने पंजाबी बाग फ्लाईओवर का उद्घाटन किया है। इस दौरान दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की विधायक राखी बिड़ला और मोती नगर विधायक शिवचरण गोयल भी मौजूद रहे।

इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि यह पंजाबी बाग और इसके आसपास के इलाकों के लोगों के लिए नहीं बल्कि पूरी दिल्ली के लोगों के लिए तोहफा है। यह रिंग रोड का एक खास हिस्सा है। यहां पर लोग घंटों ट्रैफिक जाम से परेशान होते थे और फंसते थे।

उन्होंने कहा कि लोग सोचते थे कि कोई और रास्ता ले लिया जाए क्योंकि पंजाबी बाग और मोती बाग की तरफ इतना ज्यादा ट्रैफिक होता है और जाम होता है कि लोगों का सफर कई घंटो में पूरा होता था। उन्होंने कहा कि आज हम इस फ्लाईओवर का उद्घाटन कर रहे हैं। जिसकी लंबाई 1.12 किलोमीटर की है। ये नजफगढ़ ड्रेन से ईएसआई अस्पताल को पार करता है।

उन्होंने कहा कि इस एक फ्लाईओवर के होने से तीन बत्तियों पर मिलने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी। इस फ्लाईओवर से आजादपुर, राजा गार्डन, नजफगढ़, ईएसआई हॉस्पिटल इन इलाकों में आने जाने वाली गाड़ियों, बसों, टू व्हीलर को काफी आराम मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले जो मोती नगर में फ्लाईओवर है उसे वन साइड से डबल फ्लाईओवर में बनाया गया था। इस नए फ्लाईओवर से 3.50 लाख वाहन चालकों को रोजाना फायदा मिलेगा। इस एक फ्लाईओवर से 1 साल में 11 लाख-पेट्रोल और डीजल बचेगा। जितना पेट्रोल डीजल की बचत होगी, उतना ही दिल्ली की जनता को प्रदूषण से भी राहत मिलेगी।

आतिशी ने कहा कि इस एक फ्लाईओवर को बनाना मतलब 65,000 पेड़ लगाने के बराबर है। यह आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद 39वां फ्लाईओवर है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली मेट्रो का 4.50 किलोमीटर का एक्सपेंशन किया है। 10,000 किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनी, 6,800 किलोमीटर से ज्यादा सीवर की पाइपलाइन बिछी और 4,000 किलोमीटर के करीब पानी की पाइपलाइन बिछाई गई। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में दिल्ली के सभी डार्क स्पॉट को खत्म किया गया और चार लाख से ज्यादा स्ट्रीट लाइट लगाई गई। उन्होंने बताया कि इस फ्लाईओवर की लागत 352 करोड रुपए रखी गई थी। पूरा काम होने के बाद और सभी भुगतान होने के बाद करीब 40 करोड़ रुपए की बचत हुई है जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। इसको बनाने के लिए 30 महीने का समय रखा गया था। लेकिन 2 साल के रिकार्ड समय में ही इसे पूरा कर लिया गया जिसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी बधाई के पात्र हैं।




# पूर्वांचलियों को बंगलादेशी-रोहिंग्या कहकर अपमानित करना बंद करे भाजपाः आप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया है कि वह दिल्ली में वर्षों से रह रहे पूर्वांचल समाज के लोगों को बंगलादेशी और रोहिंग्या बताकर उनका वोट कटवाने की कोशिश कर रही है।




आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि पूरी दुनिया में झूठ फैलाने में माहिर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुबह से कुछ झूठ फैलाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, ÷आम आदमी पार्टी के तौर पर हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम भारतीय जनता पार्टी के हर एक झूठ का जवाब दें। दिल्ली में 30-40 साल से जो हमारे उत्तर प्रदेश, बिहार और पूर्वांचल के लोग रह रहे हैं, जिन्होंने अपने श्रम और परिश्रम से दिल्ली को बनाने का काम किया, अगर भाजपा सोचती है कि उनका वोट कटवा लेगी, तो आम आदमी पार्टी ऐसा कतई नहीं होने देगी।'

श्री सिंह ने कहा कि किस तरह भाजपा के लोगों ने दिल्ली में रह रहे हमारे पूर्वांचली भाई-बहनों को रोहिंग्या और बंगलादेशी कहकर अपमानित करके उनका वोट कटवाने के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा, ÷शाहदरा विधानसभा में 11,000 लोगों का वोट कटवाने के लिए भाजपा के एक पदाधिकारी ने आवेदन किया। जनकपुरी विधानसभा में भाजपा के 24 कार्यकर्ताओं ने 4,874 वोट कटवाने के लिए आवेदन किया। तुगलकाबाद विधानसभा में भाजपा के 15 कार्यकर्ताओं ने 2,435 वोट कटवाने के लिए आवेदन दिया, पालम में भाजपा के नौ कार्यकर्ताओं ने 1,641, रजौरी गार्डन में छह कार्यकर्ताओं ने 571, हरी नगर में चार कार्यकर्ताओं ने 637, करावल नगर में दो भाजपा कार्यकर्ताओं ने 3,260 वोट और मुस्तफाबाद में एक कार्यकर्ता ने 534 वोट काटने के लिए आवेदन दिया। यह भाजपा के कुकर्मों और पाप का लेखा-जोखा है। भाजपा को गलतफहमी है कि वह पूर्वांचल के हमारे भाइयों को बंगलादेशी और रोहिंग्या कहेंगे, उन्हें गाली देंगे, उनका वोट कटवाएंगे और मैं चुप रहूंगा। मैं सदन में भी भाजपा से लड़ूंगा और सड़क पर भी लड़ूंगा।'

श्री सिंह ने कहा कि हम दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों का वोट काटने नहीं देंगे। भाजपा वाले इन्हें बंगलादेशी और रोहिंग्या कहकर अपमानित करना बंद करें। भाजपाइयों को हम पूरी दुनिया और देश के सामने एक्सपोज कर चुके हैं। हमने इनका चुनावी घोटाला पकड़ा है। भाजपा के लोग दिल्ली में वोट कटवाकर चुनाव जीतना चाहते थे, लेकिन उनके मंसूबों पर पानी फिर गया है।

# आम आदमी पार्टी किसानों के बलिदान पर घड़ियाली आंसू बहाना बंद करे : देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अरविन्द केजरीवाल के भ्रष्टाचार, कुशासन, जनता की अनदेखी और भाजपा के साथ उनकी मिलीभगत को ''आप के पाप'' की कड़ी के तहत पोल खोलते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव आते ही आम आदमी पार्टी को किसानों की याद आ रही है जबकि भाजपा द्वारा संसद में पास किसान विरोधी तीनों काले कृषि कानूनों को सबसे पहले अरविन्द केजरीवाल ने 23 नवम्बर, 2020 को अधिसूचित करके अपना किसान विरोधी चेहरा उजागर कर दिया था और आज संजय सिंह चींख-चींख कर किसानों के बलिदान के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशव्यापी माफी घोषणा करके काले कृषि कानूनों की वापसी हमारे नेता राहुल गांधी और उनके साथ देश भर के किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सड़क से संसद तक लंबे संघर्ष के कारण ही संभव हुआ था। मैं अरविन्द केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि मोदी सरकार जो फिर से किसान विरोधी काले कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से लाना चाहती है क्या पहले की तरह दोबारा आम आदमी पार्टी भाजपा के अनैतिक कानूनों के साथ खड़े रहेगी, क्योंकि केजरीवाल विधानसभा में कृषि कानूनों की कॉपी फाड़कर राजनीति करके चर्चा में बने थे लेकिन चुपचाप भाजपा के कृषि कानूनों अधिसूचित करके मोदी जी का किसानों के विरोध में पूर्ण समर्थन दिया था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने 2020 के घोषणा पत्र में फसल नुकसान के लिए 50, 000 रुपये प्रति हेक्टेयर के अनुसार मुआवजा देने की घोषणा की थी परंतु 2022 में दिल्ली के किसानों की फसल के मुआवजे को 20 हजार रुपये प्रति एकड़ पर चेक बांटकर सिर्फ फोटो खिचवाई थी, जबकि सभी किसानों को मुआवजा आज तक नही दिया गया है। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल और उनके नेता जनता के बीच भाजपा के खिलाफ बोल रहे है लेकिन बंद कमरे में भाजपा की जनविरोधी नीतियों के साथ मिलकर काम कर रहे है, यह सब दिल्ली की जनता देख रही है और समझ चुकी है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जनता विरोधी और किसान विरोधी भाजपा के काले कृषि कानूनों का समर्थन करके अरविन्द केजरीवाल दिल्ली की जनता व किसानों के पीठ पर छुरा घोंपने का काम किया था जबकि किसानों के साथ खड़ा होने की सिर्फ केजरीवाल ने नौटंकी की थी, क्योंकि सबसे पहले कृषि कानूनों को अधिसूचित करने वाला दिल्ली पहला राज्य था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि तीनों काले कृषि कानूनों से न सिर्फ किसान प्रभावित होते बल्कि खेत मजदूर, आड़ती, छोटे व्यापारी और सरकारी मंडियों में काम करने वाले कर्मचारियों सहित जुड़ा मजदूर वर्ग की रोजी रोटी के खिलाफ अरविन्द केजरीवाल ने किसान कानून अधिसूचित करके कार्यवाही की थी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों के नजदीक आते ही किसान हितेषी बयानबाजी करके अरविन्द केजरीवाल सिर्फ वोट की राजनीति कर रहे है क्योंकि सत्ता हासिल करने के बाद जनता की अनदेखी करना उनकी आदत बन चुकी है।

# झूठ और लूट पर टिकी है आप सरकार की बुनियाद : तिवारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर-पूर्व दिल्ली से सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रांत के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार किया और कहा कि दुर्भाग्य से दिल्ली में एक ऐसी सरकार है, जिसकी नींव झूठ और लूट पर टिकी हुयी है। दिल्ली के लोगों का जीवन स्तर सही करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय ऊर्जा तथा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इस बाद की जानकारी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा सांसद ने दी। तिवारी के अलावा केंद्रीय मंत्री एवं पूर्वी दिल्ली से सांसद हर्ष मल्होत्रा, दक्षिणी दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेंद्र चंदोलिया, चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत, नई दिल्ली नगर निगम के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल और इस दौरान और दिल्ली प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर मौजूद थे। तिवारी ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधाते हुए कहा कि भाजपा सांसद मिलकर दिल्ली के विकास के लिए काम कर रहे हैं। दिल्ली के विकास और यहां के लोगों के जीवन स्तर को सही करने को लेकर केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर रहे हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की थी। इसके बाद हम लोगों ने केंद्रीय ऊर्जा तथा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की और उनसे विभिन्न योजनाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि खट्टर ने हमारी मांगों को लेकर सकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने मेट्रो विस्तार, स्टेडियम निर्माण और अन्य परियोजनाओं का उल्लेख किया।



तिवारी ने आप सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार दिल्ली के लोगों को मृत्यु परोसन रही है और भाजपा दिल्लीवासियों को जीवन देना चाहती है। इस दौरान सभी भाजपा सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र की योजनाओं पर चर्चा की और बताया कि खट्टर ने आश्वसन दिया है कि वे इस परियोजनाओं को जल्द शुरू कराएंगे। भाजपा सांसदों ने दावा किया कि संसद के आगामी बजट सत्र में इस संबंध में प्रस्ताव आएगा और ये परियोजनाएं जल्द शुरू होंगी और यहां के निवासियों के जीवनस्तर सही होगा।

# भाजपा की सूची आने के बाद आप पार्टी बदल सकती है कुछ चेहरे

## –चर्चा है करीब आधा दर्जन जा सकते हैं बदले

नई दिल्ली। हेडलाइन पढकर चौंक गए ना आप, जी हाँ यह बिलकुल सही है यकीन नहीं आ रहा तो कुछ दिन इंतजार कीजिये और देख लेना हमारे सूत्रों में कितना दम है। जिस विषय पर हम चर्चा कर रहे हैं वैसे तो इसकी बुनियाद पहले से ही पड़ चुकी है मटिया महल तथा महरौली में पार्टी इसकी शुरुवात कर भी चुकी है लेकिन यह कहानी यहीं खत्म होती नहीं दिख रही। वैसे तो पार्टी अपने घोषित कुछ प्रत्याशियों को पहले ही बाहर का रास्ता दिखाना चाहती थी लेकिन बगावत के पनपते सुरों का आभास पार्टी को हो गया था और पार्टी को लग रहा था यदि ज्यादा तादाद में एक साथ टिकट काट दिए गए तो वे लोग बागी हो दूसरी पार्टियों के झंडे उठा लेंगे और दो तीन नें किया भी ऐसा, लिहाजा पार्टी नें अपनी रणनीति के तहत उन्हें टिकट थमा दिया लेकिन मौका मिलते ही पार्टी चौका मार उन्हें सीमा रेखा के भीतर कैच आउट करने से नहीं चूकने वाली इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। एक के बाद घोषणा करने के बाद पार्टी नें अपनी जीत की सम्भावनाओं की नब्ज भी टटोली है, इसमें कोई दो राय नहीं कि केजरीवाल की घोषणाओं के बाद ना केवल पार्टी का ग्राफ बढ़ा है बल्कि कुछ नाकारा विधायकों को भी उनसे फायदा पहुंचा है। बावजूद इसके करीब आधा दर्जन ऐसे प्रत्याशी सामने आ रहे हैं जिनकी टिकिट पर अभी भी तलवार लटक रही है या यूँ कहिये अरविन्द उन मजबूरियों से अब पल्ला झाड़ने का मूड भी बना चुके है। वैसे तो हमारी पकड़ में कुछ नाम आ गए है जिनमे एक बड़ा नाम भी है, जिनके पत्ते कटने की सम्भावना बनती दिख रही है लेकिन इसकी चर्चा हम भाजपा की सूची देखने के बाद ही करना चाहेगें। वैसे भी हमारे इनमे से कुछ से तो बेहद करीबी सम्बन्ध है और कुछ से रहे हैं। जिन्हें हम खराब नहीं करना चाहते, समझ गए ना आप यह पार्टी का इंटरनल मामला है जिस दिन बदले जाने की सूचना आएगी उसे आपसे साझा करना हमारा कर्तव्य बनता है जिसे हम हमेशा ईमानदारी से निभाते हैं। अकेले पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से कम से कम तीन घोषित प्रत्याशियों के बदले जाने की चर्चा है, अब हमसे नाम नहीं पूछना और कुछ दिन का इन्तजार कीजिये सब कुछ आपके सामने होगा बस उस दिन याद कर लीजियेगा हमने आपको क्या बताया था।

# डॉ मनमोहन सिंह के बताए रास्ते पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगा: आदेश भारद्वाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के प्रधानमंत्री और नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहे डॉ मनमोहन सिंह के निधन के बाद न सिर्फ कांग्रेस बल्कि पूरे देश में शोक की लहर है। सरकार ने 7 दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर रखी है। जगह जगह श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज करावल नगर जिला कांग्रेस कार्यालय पर पर भी दो मिनट का मौन धारण कर और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और मनमोहन सिंह के मूल्यों को याद किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के अलावा मंगेश त्यागी कांग्रेस प्रत्याशी रविंद्र त्यागी खेमचंद सैनी परवीन बढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कोच पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप राणा पी एस रावत योगेंद्र यादव लीला धर महेंद्र सिंह रावत खन्ना डिखोलिया राज ठाकुर शिव चरण बिंदल जी भूप सिंह कालीचरण पवार चेयरमैन विनय त्यागी संजय भारद्वाज एडवोकेट ए बी शुक्ला एडवोकेट आदित्य भारद्वाज कविता कुमारी वीणा भट सविता चौधरी तेजस्विनी चौधरी अमित डेढ़ा यूथ




बलजीत शर्मा वीर सिंह मनोज कुमार अनिल कुमार अनुज त्यागी महावीर रावत होटल वाले तारा दत्त कपिल कुमार विवेक राजपूत व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा में आदेश भारद्वाज व मंगेश त्यागी ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह की लोकप्रियता देश ही नहीं विदेशों में भी थी। उनके निधन पर प्रत्येक देश के राष्ट्राध्यक्ष ने उनको श्रद्धांजलि दी। 1932 में आज के पाकिस्तान पंजाब के हिस्से में उनका जन्म हुआ। आजादी के बाद सब कुछ छोड़कर अपने परिवार के साथ उनके हिंदुस्तान आना पड़ा।

# दिल्ली भाजपा ने 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' नाम से जारी किया पोस्टर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को नया चुनावी पोस्टर 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' जारी किया, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं पर नकली वोट बनाने के आरोप लगाये गये हैं। इस मौके पर भाजपा के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, ÷पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों के राजनीतिक गुनाह बहुत ज्यादा है और वे लोग दिल्ली को बर्बाद करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप के राज्य सभा सांसद संजय सिंह अपनी पत्नी श्रीमती अनीता सिंह का वोट कटवाने का झूठा आरोप भाजपा पर लगाये हैं, लेकिन वह बताये कि श्रीमती सिंह का वोट कहां- कहां हैं। संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल और दिल्ली भाजपा की चुनाव आयोग सम्पर्क समिति के संयोजक संकेत गुप्ता भी मौजूद थे।

श्री सचदेवा ने कहा कि श्री सिंह 2018 में राज्य सभा चुनाव के दौरान दायर हलफनामा में खुद को हरिनगर विधानसभा का मतदाता बताया था, लेकिन उस वक्त सुल्तानपुर की नगर पालिका परिषद की मतदाता सूची में श्री सिंह और उनकी पत्नी का नाम था। इतना ही नहीं श्री सिंह साल 2024 में नई दिल्ली विधानसभा में मतदाता हैं और विकासपुरी विधानसभा में भी अपना मत बनवा रखा था। उन्होंने कहा कि शर्मनाक है कि मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा करने वाले श्री सिंह चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमने संवाददाता सम्मेलन करके श्री सिंह की पत्नी के फर्जी मत का खुलासा किया, तो श्री सिंह ने आनन-फानन में 30 दिसम्बर को वोट स्थानांतरित करने का आवेदन देकर आते हैं। उन्होंने कहा कि अगर मत था, तो अपनी गलती स्वीकार कर लेनी चाहिये, लेकिन उल्टा मानहानि का दावा करने का एलान कर रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि दो मत बनवाना एक आपराधिक गतिविधि है और इसके लिये चुनाव आयोग तथा दिल्ली पुलिस को श्री सिंह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि श्री सिंह अपनी मानहानि की बात कर रहे हैं, लेकिन जो व्यक्ति खुद जमानत पर बाहर है, सांसद रहते दो वोट बनवाता है, उसका क्या मान क्या अपमान? उन्होंने बताया कि श्रीमती सिंह को लेकर श्री सिंह दावा करते हैं, कि चार जनवरी 2024 में उनका नाम सुल्तानपुर की सूची से कट गया है, लेकिन आठ जनवरी 2024 को सांसद नामांकन के साथ जो शपथ पत्र देते हैं, उसमें उनका मत सुल्तानपुर की मतदाता सूची में दर्ज है।

उन्होंने कहा कि श्री सिंह बताये कि आखिर उन्होंने लोगों को गुमराह करने का काम क्यों किया। उन्होंने कहा कि श्री सिंह और उनकी पत्नी के मत फर्जी है और देश में फर्जी मत डालने पर सेक्शन 18 के अंतर्गत एक साल की सजा है। श्री सचदेवा ने बताया कि दिल्ली के महापौर महेश कुमार ने अपनी



पत्नी के दो नाम से दो मत एक ही घर में बनवा रखे हैं। एक जगह उनकी पत्नी का नाम श्रीमती ममता और दूसरी जगह श्रीमती निधि है और दोनों जगह एक ही महिला की फोटो है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने कहा कि श्री केजरीवाल ने गत 10 साल में खुद को फर्जी वोटों का, चाहें वह बंगलादेशी मुसलमान हों या रोहिंग्याओं का हो या दो वोटर हों का मसीहा साबित किया है।

# रियलमी ने भारतीय ई-स्पोर्ट्स परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए क्राफ्टन इंडिया के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।**
भारत के गेमिंग उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसने देश को वैश्विक गेमिंग परिदृश्य में एक प्रमुख शक्ति में बदल दिया है। 2028 तक, एशिया प्रशांत क्षेत्र में गेमिंग राजस्व में 181.8 बिलियन डॉलर उत्पन्न होने का अनुमान है, जो वैश्विक बाजार का 54.4 प्रतिशत है। इस क्षेत्र के भीतर, भारत का ऑनलाइन गेमिंग बाजार 2028 तक 66,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 14.5 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। इस वृद्धि में कई कारक योगदान करते हैं, जिसमें भारत की युवा जनसांख्यिकी शामिल है। इसमें लगभग 600 मिलियन लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। दुनिया के कुछ सबसे किफायती मोबाइल डेटा कीमतों और 650 मिलियन से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत ने विशेष रूप से गेमिंग में डिजिटल मनोरंजन उपभोग की एक मजबूत संस्कृति विकसित की है। उद्योग की वृद्धि विशेष रूप से दो प्रमुख क्षेत्रों में स्पष्ट है। रियल-मनी गेमिंग (आरएमजी) बाजार ने कौशल-आधारित खेलों के माध्यम से महत्वपूर्ण गति प्राप्त की है, जबकि सामाजिक और आकस्मिक गेमिंग क्षेत्र युवा वयस्कों और कामकाजी पेशेवरों के बीच अपनी पहुंच का विस्तार करना जारी रखता है। ऐप-आधारित गेमिंग में यह उछाल मनोरंजन वरीयताओं में व्यापक बदलावों को दर्शाता है, जो स्मार्टफोन अपनाने और बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी के बढ़ने से प्रेरित है। भारत के बढ़ते गेमिंग बाजार में और अधिक लाभ उठाने के लिए रियलमी ने बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया सीरिज (बीजीआईएस) 2025 और बैटलग्राउंड्स मोबाइल प्रो सीरिज (बीएमपीएस) 2025 के लिए आधिकारिक स्मार्टफोन भागीदार के रूप में केआरएएफटीओएन इंडिया के साथ हाथ मिलाया है। 2025 को अपने पहले समर्पित गेमिंग वर्ष के रूप में चिह्नित करते हुए, रियलमी ने ई-स्पोर्ट्स को मुख्य रणनीतिक फोकस के रूप में स्थान दिया है। यह रणनीतिक सहयोग एक महत्वपूर्ण समय पर आता है, क्योंकि भारत में 2028 तक 720 मिलियन मोबाइल गेमर्स तक पहुंचने का अनुमान है। यह साझेदारी कोलकाता में बीजीआईएस 2025 एलएएन फ़ाइनल के साथ शुरू होगी, जिसमें 2 करोड़ रुपये का पर्याप्त पुरस्कार पूल होगा, जो प्रतिस्पर्धी गेमिंग में निवेश के पैमाने को प्रदर्शित करता है।

## भारत का स्मार्टफोन बाजार इस साल 50 बिलियन डॉलर के पार पहुंच जाएगा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**
एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, प्रीमियमाइजेशन के चल रहे ट्रेंड और लोकल मैन्युफैक्चरिंग पर जोर के कारण भारत का स्मार्टफोन बाजार 2025 तक 50 बिलियन डॉलर के पार पहुंच जाएगा। काउंटरपॉइंट के इंडिया स्मार्टफोन आउटलुक की लेटेस्ट रिसर्च के अनुसार, भारत के स्मार्टफोन बाजार का रिटेल एवरेज सेलिंग प्राइस (एएसपी) इस साल पहली बार 300 डॉलर के पार पहुंचने की उम्मीद है। एप्पल और सैमसंग प्रीमियम और अल्ट्रा-प्रीमियम सेगमेंट में प्रतिस्पर्धी विकल्प पेश कर इस बदलाव को लीड कर रहे हैं। एप्पल को अपने प्रो मॉडल की मजबूत मांग देखने की उम्मीद है, जो लोकल मैन्युफैक्चरिंग और अपने आईफोन लाइनअप में हाल ही में की गई कीमतों में कटौती के इस बीच, सैमसंग की मूल्य-केंद्रित रणनीति खास तौर पर अपनी प्रमुख एस सीरीज के साथ लोकप्रिय हो रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वनप्लस अपने फ्लैगशिप वनप्लस 13 के लॉन्च के साथ अल्ट्रा-प्रीमियम सेगमेंट (45,000 रुपये से ऊपर) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। प्रीमियमाइजेशन की ओर बदलाव की वजह यह भी है कि उपभोक्ता तेजी से ऑफलाइन स्टोर्स की ओर रुख कर रहे हैं, जहां वे खरीदारी करने से पहले प्रीमियम स्मार्टफोन का अनुभव कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई-पावर्ड फीचर्स में बढ़ती दिलचस्पी ने उपभोक्ताओं को इन इनोवेशन को बेहतर ढंग से समझने में मदद की है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय स्मार्टफोन बाजार तेजी से विकसित हो रहा है, जिसमें ऑरिजनल इक्विप्मेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम) ब्रांड इक्विटी को मजबूत करने, तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और लाभप्रदता में सुधार करने के लिए प्रीमियम लॉन्च पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। किफायती प्रीमियम श्रेणी (30,000 रुपये-45,000 रुपये) में, वीवो, ओप्पो और वनप्लस जैसे ब्रांड एडवांस कैमरा सिस्टम और रिफाइंड सीएमएफ डिजाइन पेश करके ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। लोकल मार्केट के विस्तार में वनप्लस द्वारा चरणबद्ध तरीके से 6,000 करोड़ रुपये के नियोजित निवेश से इसकी रिकवरी और विकास में तेजी आने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में प्रीमियम सेगमेंट (30,000 रुपये और उससे अधिक) का बाजार हिस्सा 2025 तक 20 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है।

## देश की अर्थव्यवस्था में हाउसिंग सेक्टर का बढ़ेगा योगदान, छोटे शहर बन रहे नए ग्रोथ हब: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**



भारत के हाउसिंग सेक्टर का जीडीपी में योगदान बढ़कर 2025 तक 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है। यह जानकारी शुक्रवार को एक रिपोर्ट में दी गई। जेएलएल की रिपोर्ट में बताया गया कि 2030 तक रियल एस्टेट सेक्टर बढ़कर एक ट्रिलियन डॉलर की मार्केट बन सकता है। यह सेक्टर डेमोग्राफिक शिफ्ट, पॉलिसी रिफॉर्म और ग्लोबल ट्रेंड से प्रभावित होगा। टियर 2 और 3 शहर प्रमुख विकास केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं।जयपुर, इंदौर और कोच्चि जैसे छोटे शहरी केंद्रों का 2025 तक नए आवासों में योगदान 40 प्रतिशत होगा। शहरी घर स्वामित्व दर 2025 तक बढ़कर 72 प्रतिशत हो सकती है, जो कि 2020 में 65 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि मिलेनियल्स और जेन जेड खरीदारों की संख्या 2030 तक 60 प्रतिशत होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, सस्टेनेबिलिटी को पहले एक लग्जरी माना जाता था। ग्रीन-सर्टिफाइड बिल्डिंग्स की संख्या 2025 तक बढ़कर 30 प्रतिशत होने की उम्मीद है। 2020 में यह संख्या 15 प्रतिशत थी। एलईईडी (लीडरशीप इन एनर्जी एंड एनवायरमेंट डिजाइन) जैसे ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन अधिक आम होते जा रहे हैं क्योंकि रियल एस्टेट उद्योग सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता दे रहा है।2024 के दौरान बेची गई रेजिडेंशियल यूनिट्स की संख्या 2023 की कुल बिक्री की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक थी। मिश्रित उपयोग वाले विकास तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, जो लिव-वर्क-प्ले वातावरण बनाने की दिशा में जा रहे वैश्विक ट्रेंड को दिखाता है। रिपोर्ट में बताया गया है, इस तरह का विकास एक ही परियोजना के भीतर आवासीय, वाणिज्यिक और मनोरंजक स्थानों को जोड़ते हैं, जिससे निवासियों को पैदल दूरी के भीतर उनकी जरूरत की हर चीज मिलने की सुविधा मिलती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्मार्ट घरों और तकनीक-एकीकृत रहने की जगहों की मांग भी आसमान छू रही है।

# अप्रैल-दिसंबर में निजी, वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 34 फीसदी बढ़ा

**- एक साल पहले नौ करोड़ 76.65 लाख टन का हुआ था**

**नई दिल्ली ।**
चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर में निजी उपयोग वाली (कैप्टिव) और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 34.2 प्रतिशत बढ़कर 13 करोड़ 10.5 लाख टन हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में निजी उपयोग वाली और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन नौ करोड़ 76.65 लाख टन का हुआ था। कोयला मंत्रालय ने कहा कि दिसंबर में निजी उपयोग वाली और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन एक करोड़ 84 लाख टन का हुआ था। सरकार द्वारा जारी आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक (आधार वर्ष 2011-12) के अनुसार, कोयला क्षेत्र ने एक साल पहले 185.7 अंक की तुलना में नवंबर, 2024 में 7.5 प्रतिशत (अस्थायी) की वृद्धि के साथ 199.6 अंक दर्ज किए हैं। कोयला उद्योग का सूचकांक अप्रैल-नवंबर, 2024 के दौरान 172.9 अंक पर पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष इसी



अवधि के दौरान यह 162.5 अंक था, जो सभी आठ प्रमुख उद्योगों में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# मार्च 2024 को खत्म वित्त वर्ष में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए

**मुंबई ।**
मार्च 2024 को खत्म वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में रोजगार सृजन की रफ्तार बरकार रही। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के दौरान भारत के असंगठित क्षेत्र में कुल अनुमानित रोजगार में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.01 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि कवर किए गए व्यापक क्षेत्रों (ब्रॉड सेक्टर) में, अन्य सेवाओं (अन्य सर्विस) में प्रतिष्ठानों ने अक्टूबर 2023 और सितंबर 2024 के बीच 12 करोड़ से अधिक अतिरिक्त श्रमिकों को रोजगार दिया। यह 2022-23 से एक करोड़ से अधिक श्रमिकों की वृद्धि और मजबूत श्रम बाजार वृद्धि को दिखाता है। असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार, सकल घरेलू उत्पाद और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह क्षेत्र न केवल लाखों लोगों की आजीविका को बनाए रखता है, बल्कि घरेलू मूल्य श्रृंखला (डोमेस्टिक वैल्यू चेन) में अपनी भूमिका को मजबूत कर वस्तुओं और सेवाओं की सप्लाई करता है। इसी तरह, औपचारिक क्षेत्र में वृद्धि जारी रही है। यह क्षेत्र में बेहतर गुणवत्ता वाली नौकरियां प्रदान करता है। नवंबर 2024 में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में नए सदस्यों की संख्या में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में वृद्धि की है। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में नए आवेदन, जो बड़े संगठनों और बेहतर वेतन वाले कर्मचारियों पर लागू होते हैं, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 6.1 मिलियन हो गए।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया शुरुआती कारोबार में चार पैसे की गिरावट के साथ 85.79 पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में नरम रुख का असर घरेलू मुद्रा पर पड़ा जिससे रुपया कमजोर हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर 2024 में अधिकतर मुद्राओं के मुकाबले मजबूत रहा और इस वर्ष भी वह मजबूत स्थिति में बना रहेगा। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.77 पर खुला। फिर फिसलकर 85.78 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को 11 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.75 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 109.19 पर रहा।

## इस साल उत्तरी मुंबई लोकसभा क्षेत्र के विकास में कई महत्वपूर्ण पहलों पर देना होगा जोर:गोयल

**झुग्गी-झोपड़ियों का पुनर्विकास, सड़क और रेलवे लाइनों का विस्तार जैसी मुख्य परियोजनाएं शामिल**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र के विकास में इस साल कई महत्वपूर्ण पहलों पर काम होगा। उन्होंने झुग्गी-झोपड़ियों का पुनर्विकास, सड़क और रेलवे लाइनों का विस्तार जैसी मुख्य परियोजनाओं को लेकर मी डिया से चर्चा की। उन्होंने बयान किया कि इस साल उनके निर्वाचन क्षेत्र में कई बड़ी योजनाएं हैं, जिनमें झुग्गी-झोपड़ियों को पक्के मकान में बदलना भी शामिल है। गोयल ने बताया कि तेजी से लंबित परियोजनाओं का पुनरीक्षण करने के लिए वह मुंबई में सभी संबंधित विभागों के प्रमुखों से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि चार जनवरी को उनके द्वारा लिए गए कदमों की समीक्षा की जाएगी और लंबित मुद्दों के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार की जाएगी। मंत्री ने कहि कि हम चाहते हैं कि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को उसी स्थान पर पक्के मकान उपलब्ध करा सकें। हमारा लक्ष्य है जीवन को सुगम बनाने के लिए रेलवे स्टेशनों का विकास करना है। उन्होंने भी बताया कि उनके क्षेत्र में चार रेलवे स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत होने वाली है। मंत्री ने व्यक्त किया कि उन्हें पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विचार करने का भी मौका मिला है, क्योंकि उनके क्षेत्र में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान और खूबसूरत समुद्र है। उन्होंने आगे बढ़ते हुए कहा कि उन्हें लोगों के लिए बेहतर जीवनस्तर प्रदान करने के लिए और भी कई पहल करनी हैं।

## एनवीडिया बनी बीते साल सबसे ज्यादा मार्केट कैप हासिल करने वाली कंपनी

**मुंबई ।**
एआई चिप विनिर्माता अमेरिकी कंपनी एनवीडिया पिछले साल सबसे ज्यादा मार्केट कैप पाने वाली कंपनी बनी। इस दौरान कंपनी के शेयरों में 170 फीसदी तेजी रही और उसके मार्केट कैप में करीब 2 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। यह दुनिया के सबसे बड़े अमीर एलन मस्क की नेटवर्थ (415 अरब डॉलर) से करीब पांच गुना है। एप्पल के बाद एनवीडिया दुनिया की दूसरी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में दुनिया की बढ़ रही दिलचस्पी और विभिन्न इंडस्ट्रीज में एआई सेंट्रिक चिप्स की बढ़ती मांग से एनवीडिया के शेयरों में भारी तेजी दिखाई दे रही है। 2023 के अंत में कंपनी की मार्केट वैल्यू 1.2 ट्रिलियन डॉलर थी जो 2024 के अंत में 3.28 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई। 2023 में कंपनी का शेयर 240 प्रतिशत का उछला था। इस बीच एप्पल दुनिया का सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी रही। इसका मार्केट कैप 4 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच चुका है। कंपनी ने एआई पर फोकस किया है, इससे उसकी बिक्री में आगे तेजी आने की उम्मीद है। इसकारण कंपनी में निवेशकों की दिलचस्पी बनी हुई है। 2024 के अंत में माइक्रोसॉफ्ट 3.1 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी वैल्यूबल कंपनी रही जबकि गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक और अमेजॉन की वैल्यू करीब 2.3 ट्रिलियन डॉलर रही। सऊदी अरामको, फेसबुक, टेस्ला, ब्रॉडकॉम और टीएसएमसी टॉप 10 में शामिल रहीं। भारत की मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए पिछला साल अच्छा नहीं रहा। 10 साल में पहली बार कंपनी के शेयरों ने निगेटिव रिटर्न दिया और दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में 68वें नंबर पर पहुंच गई थी। गुरुवार को इसमें पांच स्थान का सुधार हुआ और यह 63वें नंबर पर आ गई।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 720 , निफ्टी 183 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**
भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार बाजार में ये गिरावट मुनाफावसूली हावी होने से आई है। निवेशकों ने कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणामों से पहले जमकर मुनाफावसूली की जिससे भी बाजार लाल निशान पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 720.60 अंक करीब 0.90 फीसदी की गिरावट के साथ ही 79,223.11 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी निफ्टी में 183.90 अंक तकरीबन 0.76 फीसदी नीचे आकर 24,004.75 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान संसेक्स की कंपनियों में जोमैटो का शेयर सबसे ज्यादा टूटा। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा, आईटीसी, एलएंडटी, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए। दूसरी ओर टाइटन और टाटा मोटर्स के शेयर लाभ में रहे। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, रिलायंस, एनटीपीसी, नेस्ले, अल्ट्रा सीमेंट, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए। माना जा रहा है कि वित्तीय और आईटी स्टॉक्स में बिकवाली की वजह से भी बाजार में ये गिरावट दर्ज की गयी है। निवेशल सोमवार को शुरू हो रहे कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजों से पहले सतर्क रुख अपना रहे हैं। इसके अलावा एशियाई और अमेरिकी स्टॉक मार्केट में गिरावट से भी घरेलू बाजारों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। जानकारों के अनुसार अगले सप्ताह से शुरू हो रहे भारतीय कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणामों से तय होगा कि बाजार किस दिशा में बढ़ेगा।



इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त पर खुलने के कुछ समय बाद ही फिसल गया। बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी कुछ समय बाद ही लाल निशान में आ गये। निवेशकों की नजर अब अगले हफ्ते से शुरू हो रहे कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे और अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं पर टिकी हुई है। सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 364.96 अंक की गिरावट लेकर 79,578.75 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टीभी मामूली बढ़त लेकर खुला पर खुलते ही गिरावट में चला गया। एशिआई बाजारों में शुक्रवार को मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। जापान का निक्की इंडेक्स और चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट में कारोबार कर रहे थे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट में बंद हुए जबकि यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

## चीन में रियल एस्टेट संकट से लड़खड़ाई दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**मुंबई ।** चीन तेज़ आर्थिक विकास के मामले में हमेशा आगे रहा है ले किन अब उसे गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अपने इतिहास के सबसे बड़े रियल एस्टेट के संकट से जूझ रही है। चीन के संपत्ति बाजार में पिछले तीन वर्षों में भारी गिरावट देखी गई है। 2021 से अब तक 18 ट्रिलियन डॉलर का अनुमानित घरेलू संपत्ति का नुकसान हुआ है, जो 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट में अमेरिका द्वारा झेले गए नुकसानों से भी अधिक है। चीन की अर्थव्यवस्था पर वर्षों की अधिक कर्ज़दारी, अधिक निर्माण और अधिक उत्पादन क्षमता का बोझ है। ये समस्याएं घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर गंभीर परिणाम पैदा कर रही हैं। कई रियल एस्टेट कंपनियों पर भारी कर्ज़ है और संपत्तियों की मांग में कमी ने इस संकट को और बढ़ा दिया। चीन के कई हिस्सों में घोस्ट टाउन यानी खाली पड़े शहर निर्माण का उदाहरण हैं। वहीं औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन क्षमता वास्तविक मांग से कहीं अधिक है, जिससे कीमतों और आर्थिक स्थिरता पर असर पड़ा है।

## सोने और चांदी के भाव में तेजी

**सोने का भाव 77,900 रुपए, चांदी 89,290 रुपए प्रति किलोग्राम**



**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी ` दिन शुक्रवार को सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। यह लगातार तीसरा दिन है जब सोने-चांदी की कीमत में तेजी जारी है। 1 जनवरी से दोनों के वायदा भाव में तेजी जारी है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव 0.24 फीसदी की तेजी के साथ 77,900 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 0.13 फीसदी बढ़त के साथ 89,290 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारि गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 330 रुपए बढ़कर 79,720 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। बुधवार को सोना 79,390 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। गुरुवार को चांदी भी 130 रुपए बढ़कर 90,630 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 78,840 रुपए प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद से 330 रुपए बढ़कर 79,170 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी से सर्राफा कीमतों को समर्थन मिला।

# वेंचुरा ने ब्लैक बॉक्स लिमिटेड को दी खरीद रेटिंग, जताई 27.3 प्रतिशत वृद्धि की संभावना

**मुंबई।**
ब्रोकरेज हाउस वेंचुरा की गुरुवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी ब्लैक बॉक्स के शेयर में अगले 24 से 30 महीनों में मौजूदा कीमत 649 रुपये से 826 रुपये तक 27.3 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 24 में बिक्री वृद्धि में मंदी व परियोजना निष्पादन और निर्णय लेने में देरी के बावजूद ब्लैक बॉक्स अपने अगले विकास चरण के लिए तैयार है। कंपनी को उम्मीद है कि इसकी पाइपलाइन बढ़कर तीन बिलियन डॉलर हो जाएगी और इसका लक्ष्य मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 25 प्रतिशत की रूपांतरण दर हासिल करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्लैक बॉक्स ने शीर्ष 300 ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करके और कम लाभदायक लॉन्ग-टेल ग्राहकों से बाहर निकलकर अपनी रणनीति में बदलाव किया है, क्योंकि वे मार्जिन वृद्धि में योगदान नहीं देते हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने उद्योग वर्टिकल और उत्पाद पोर्टफोलियो क्षैतिज को शामिल करते हुए मैट्रिक्स-आधारित दृष्टिकोण को अपनाकर अपनी गो-टू-मार्केट रणनीति को नवीनीकृत करने की योजना बनाई है। यह रणनीति उद्योग-विशिष्ट समाधान प्रदान करने और ग्राहक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई है। वेंचुरा ने कहा, ÷हमें उम्मीद है कि हमारा राजस्व वित्त वर्ष 24 में 6,281.6 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 27 ई तक 7,996 करोड़ रुपये हो जाएगा। कंपनी मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका और भारत में डेटा केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है। मेटा, अमेजॉन और माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्रमुख हाइपरस्केलर्स वाले ग्राहक आधार के साथ, जिनसे डेटा सेंटर बिल्डआउट में महत्वपूर्ण रूप से निवेश करने की उम्मीद है, डेटा सेंटर से राजस्व में योगदान अनुपातहीन रूप से उच्च होने का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 27 ई तक 1,256 करोड़ रुपये से बढ़कर 15 प्रतिशत की सीएजीआर पर 1,994 करोड़ रुपये हो जाएगा। इस बीच, प्रौद्योगिकी उत्पाद समाधान (टीपीएस) वर्टिकल वर्तमान में कुल राजस्व में 12 से 13 प्रतिशत के बीच योगदान देता है और उम्मीद है कि इसमें तेजी आएगी। राजस्व के 9 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़कर वित्त वर्ष 27ई तक 758 करोड़ रुपये से 982 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त, परामर्श व्यवसाय से भी समग्र विकास प्रक्षेपवक्र को पूरक बनाने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 27ई तक 2 प्रतिशत सीएजीआर से 106 करोड़ रुपये से बढ़कर 112 करोड़ रुपये हो जाएगा।

## भारत का कार्यालय बाजार 2024 में रिकॉर्ड ऊंचाइयों पर: रिपोर्ट

**शीर्ष आठ शहरों में सकल कार्यालय स्थल की मांग 19 प्रतिशत बढ़ी**

**नई दिल्ली ।** भारत का कार्यालय बाजार 2024 में रिकॉर्ड ऊंचाइयों को छू गया है। पिछले वर्ष की तुलना में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे कार्यालय स्पेस की मांग ने विस्तार किया। रियल एस्टेट परामर्शदाताओं के अनुसार कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कार्यालय स्थल की सकल मांग 2023 में 745.6 लाख वर्ग फुट थी जो 2024 में 885.2 लाख वर्ग फुट पर पहुंच गई है। भारत, दक्षिण पूर्व एशिया और एपीएसी (एशियाई एकीकरण) के टेनेंट रिप्रेसेंटेशन के एक मुख्य कार्यकारी ने इसे निर्णायक वर्ष बताया है। बाजार में भारी वृद्धि दर्ज की गई है, जैसे बेंगलुरु में मांग 64 प्रतिशत बढ़कर 259.3 लाख वर्ग फुट, मुंबई में 27 प्रतिशत बढ़कर 178.4 लाख वर्ग फुट, हैदराबाद में 37 प्रतिशत बढ़कर 123.1 लाख वर्गफुट और अहमदाबाद में 11 प्रतिशत बढ़कर 18.1 लाख वर्ग फुट मांग दर्ज की गई है। हालांकि, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई और पुणे में कार्यालय की मांग में कुछ गिरावट दर्ज की गई है, जबकि कोलकाता का बाजार स्थिर रहा है। इस जानकारी से स्पष्ट है कि भारतीय कार्यालय बाजार 2024 में काफी सक्रिय रहा है और स्थिर हमलों की प्रेरक राजनीति का पाठ्य है।

## बुमराह की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम पहली पारी में 185 रनों पर सिमटी

### ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 9 रन बनाये

**सिडनी (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट में उतरी भारतीय टीम एक बार फिर मेजबान गेंदबाजों का सामना नहीं कर पायी और अपनी पहली पारी में 185 रनों पर ही सिमट गयी। ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये, वहीं अन्य बल्लेबाज सस्ते में ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल समाप्त तक अपनी पहली पारी में तीन ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 9 रन बना लिए थे। उस्मान ख्वाजा केवल 2 रन पर ही पेवेलियन लौट गये जबकि सैम कोनस्टास 7 रन बनाकर खेल रहे थे।

वहीं आज सुबह भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर वह सही साबित नहीं हुआ। भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआती दो विकेट केवल 17 रनों पर ही खो दिये। भारतीय टीम की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये। सलामी बल्लेबाजों के साथ-साथ कोहली और जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी रन नहीं बना पाये। भारत की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 10 रनों पर ही आउट हो गये। इसके बाद केएल राहुल के उम्मीद थी पर वह केवल 4 रन ही बना पाये। शुभमन गिल ने इस मैच में वापसी करते हुए केवल 20 रन बनाये। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी 17 रन ही बना पाये। ऋषभ ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये। वहीं रविंद्र जडेजा 26 रनों पर आउट हुए। पिछले मैच में शतक लगाने वाले नितीश रेड्डी शून्य पर ही आउट हो गये। वाशिंगटन सुंदर ने 14 जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 रन बनाये। बुमराह 17 गेंद पर 22 रन बनाकर आउट। बुमराह ने 3 चौके और 1 छक्का लगाया। मोहम्मद सिराज 17 रन बनाकर नाबाद रहे। मेजबान कंगारुओं की ओर से स्कॉट बोलैंड ने 4, मिचेल स्टार्क ने 3, पैट कमिंस ने 2 और नाथन लियोन ने 1 विकेट लिया। भारतीय टीम की अंतिम 11 में रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल और चोटिल आकाशदीप की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिला। इस मैच में भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने आराम लिया। जिस कारण बुमराह को कप्तानी दी गयी थी। इस मैच में शुभमन गिल की अंतिम एकादश में जगह मिली है जबकि तेज गेंदबाज कृष्णा को पहली बारी सीरीज में खेलने का अवसर मिला है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने एक बदलाव के तहत ही मिचेल मार्श की जगह ब्यू वेबस्टर को शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया ने ऑलराउंडर वेबस्टर को खराब फॉर्म में चल रहे मिचेल मार्श की जगह शामिल किया गया है। वेबस्टर ने इस मैच से पदार्पण किया। उन्हें पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने टेस्ट कैप सौंपी।



## रोहित भारतीय क्रिकेट के इतिहास में टीम से बाहर होने वाले पहले कप्तान बने



**सिडनी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के अंतिम मैच में जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में उतरी। इस मैच में नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने आराम का फैसला किया। रोहित अब ऐसे पहले कप्तान हो गये हैं जिन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली है। भारतीय क्रिकेट में कई बार सीरीज में कप्तान बदले हैं पर टीम में रहते हुए अंतिम ग्यारह से बाहर रहने का ये पहला मामला है। वहीं विश्व क्रिकेट की बात करें तो चौथी बार ऐसा हुआ है।

इससे पहले किसी कप्तान को अंतिम ग्यारह से बाहर करने का पहला मामला 1974 की एशेज सीरीज में आया था। उस समय इंग्लैंड के माइक डेनेस चौथे टेस्ट से बाहर रहे थे और उनकी जगह जॉन एडरिच को कप्तानी दी गयी थी पर अगले टेस्ट में उनकी वापसी हो गयी थी जबकि रोहित के मामले में ऐसा नहीं हो सकता। साल 2014 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ है। अंतिम बार पाकिस्तान के मिस्बाह उल हक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के बीच बाहर होने का फैसला किया था, उनकी जगह शाहिद अफरीदी को टीम का कप्तान बनाया गया था।

उसी साल दिनेश चंडीमल भी सेमीफाइनल और फाइनल सहित टी20 वर्ल्ड कप के अंतिम तीन मैचों के लिए श्रीलंकाई लाइन-अप से बाहर रहे थ और तब लसिथ मलिंगा ने तब कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी और टीम को पहला टी20 वर्ल्ड कप खिताब जिताया था।

## कोहली के कैच पर उठा विवाद , नॉट आउट दिये गये



**सिडनी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के खिलाफ सिडनी टेस्ट मैच में पहली ही गेंद पर आउट की अपील की गयी हालांकि कोहली को आउट नहीं दिया गया। इसपर काफी विवाद भी हुआ। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और इरफान पठान ने जहां अंपायर के इस फैसले को सही बताया। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इसे गलत बताया। कोहली के आउट होने का रिव्यू भी लिया गया।

इस कैच पर की गयी अपील को टीवी अंपायर ने समीक्षा के बाद खारिज कर दिया। उनका कहना था कि गेंद जमीन से लग गयी थी। इसके बाद इस फैसले पर विवाद हो गया। जहां गावस्कर और पठान ने विराट को नॉटआउट बताया। वहीं इंग्लैंड के माइकल वॉन और ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर का कहना है कि विराट आउट हैं क्योंकि गेंद सीधे स्मिथ के हाथ में पहुंची थी।

इरफान पठान ने सोशल मीडिया लिखा, 'कोहली नाट आउट थे। अंपायर ने उन्हें आउट न देकर सही किया।' वहीं वॉन ने कहा कि स्मिथ की उंगली गेंद के नीचे थ। इसलिए विराट कोहली आउट थे।' लैंगर का मानना है कि विराट निश्चित रूप से आउट थे। स्मिथ की उंगली गेंद के नीचे थी। इस में रोहित शर्मा का आराम देकर जसप्रीत बुमराह को कप्तानी दी गयी। इस मैच में शुभमन गिल को अंतिम एकादश में जगह मिली है जबकि तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को सीरीज में पहली बार अवसर मिला है।

## मैं मानसिक रूप से ठीक नहीं था... सिडनी टेस्ट में आया ऋषभ पंत का बड़ा बयान

**सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** सिडनी में अंतिम टेस्ट के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पारी के दौरान बरते अधिक रक्षात्मक दृष्टिकोण पर बात की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी किसी को 'समझदारी से क्रिकेट' खेलने की जरूरत होती है। आज विकेट बल्लेबाजों के लिए मददगार नहीं था इसलिए उन्हें अपने स्वाभाविक खेल पर लगाम लगानी पड़ी। सिडनी टेस्ट के पहले दिन भारत के लिए बल्लेबाजी इकाई के रूप में एक और निराशाजनक दिन रहा क्योंकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने एक बार फिर अपने विकेट खराब शॉट के कारण गंवा दिए। स्कॉट बोलैंड (4/31) ने भारत को परेशान किया, जबकि ऋषभ ने 98 गेंदों में 3 चौकों और 1 छक्के की मदद से 40 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान पंत को कई शारीरिक चोटें भी लगीं।






पंत ने पोस्ट-डे प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपनी पारी के बारे में बात करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि इस पारी में मैं उस मानसिक स्थिति में नहीं था, जहां मैं खेल की कमान संभालना चाहता था, क्योंकि विकेट बहुत ज्यादा हिल रहा था। और जिस तरह की स्थिति में हम थे और अंदर खेलते हुए मुझे लगा कि मैं थोड़ा रक्षात्मक क्रिकेट खेल सकता हूं। हां, आक्रमण करने का एक समय होता है, लेकिन जब आपको अंदर से ऐसा महसूस करना होता है। मैं पहले से यह नहीं सोच सकता कि मैं इस तरह से खेलूंगा, खेल ने मुझे उस दिन जो भी करने के लिए कहा, मैं वही करने की कोशिश करता हूं और यही मेरी मानसिकता थी।

पंत ने कहा कि बल्लेबाजी करते समय अपने साहसी स्ट्रोकप्ले पर जीवित रहने को प्राथमिकता देना थोड़ा मुश्किल है। पंत ने कहा कि इस पारी में 50-50 प्रतिशत संभावना थी जिसे मैं शुरू में भुना सकता था, लेकिन कभी-कभी आपको अधिक सुरक्षित क्रिकेट खेलना होता है, विशेषकर जिस तरह से (एससीजी) विकेट व्यवहार कर रहा था, हम जानते थे कि अगर हमें यहां एक और विकेट मिल गया तो हम जल्दी-जल्दी दो-तीन विकेट खो सकते हैं, इसलिए जिस तरह से मैं खेल रहा था उसके पीछे यही विचार था और पिछले मैच में हमारे सामने जिस तरह का लक्ष्य था, उसमें कुछ खास करने को नहीं था, मुझे लगता है कि मुझे उसी तरह (रक्षात्मक) खेलना था, इसलिए मुझे लगता है कि मैं जिस तरह से खेल रहा हूं, वह ठीक है। इस बीजीटी के दौरान अब तक 5 मैचों और 8 पारियों में पंत ने 48.62 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 24.25 की औसत से 194 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 40 रहा है।

## सिडनी के परिणाम पर टिकीं डब्लयूटीसी फाइनल के लिए भारत की संभावनएं

सिडनी । भारतीय टीम के विश्व विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल की संभावनाएं अब सिडनी टेस्ट पर ही अधारित हैं । अगर भारतीय टीम ये मैच हारती है तो उसके फाइनल में पहुंचने की सभी संभावनएं समाप्त हो जाएंगी । वहीं अगर वह जीतती है तो दौड़ में बनी रहेगी पर उसे अन्य टीमों के परिणामों पर भी आधारित होनो होगा । इस मैदान पर भारतीय टी को अब तक 13 मैचों में से केवल एक बार ही जीत मिली है । वहीं उसे पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जबकि सात मैच ड्रॉ रहे । भारतीय टीम को एकमात्र जीत जनवरी 1978 में मिली तब बिशन सिंह बेदी कप्तान थे । उस मैच में ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 131 रन पर आउट करने के बाद गुंडप्पा विश्वनाथ और करसन घावरी के अर्धशतकों की सहायता से भारत ने 265 रन की बढ़त बना ली । इसके बाद, इरापल्ली प्रसन्ना के चार विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया टीम अपनी दूसरी पारी में 263 रन पर आउट हो गई । पहली पारी में भागवत चन्द्रशेखर और बेदी ने क्रमश: चार और तीन विकेट लिए थे । वहीं इस सीरीज की बात करें तो पर्थ में 295 रनों की बड़ी जीत के बाद भारतीय टी को 1–0 की बढ़त के साथ मिल गयी थी पर टीम उसे बरकरार नहीं रख पायी । एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीतकर सीरीज बराबर कि फिर ब्रिस्बेन टेस्ट बराबरी पर रहा जबकि मेलबर्न में भारतीय टीम को हार झेलनी पड़ी । बॉर्डर गावस्कर सीरीज अभी 2–1 से फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है पर अगर भारतीय टीम मैच जीतती है और सीरीज ड्रॉ रहती है भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी की दौड़ में बनी रहेगी



## एक पारी के बल पर ही पहचान नहीं बना सकते कोंस्टास : कैरी



सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा है कि युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास को ये नहीं समझना चाहिये कि केवल एक पारी के बल पर ही वह भविष्य के मैचों के लिए अपनी पहचान नहीं बना सकते । कैरी ने कहा कि कोंस्टास को लगातार रन बनाने होंगे । कोंस्टास ने अपने पदार्पण मैच में ही तेजी से खेलते हुए अर्धशतक लगाया था जिसके बाद से ही वह बेहद खुश हैं । उससे वह मंत्रमुग्ध थे, लेकिन उन्हें लगता है कि यह पारी भविष्य के मैचों के लिए उनकी पहचान नहीं बनेगी । कोंस्टास ने एमसीजी में 65 गेंद पर 60 रन की आकर्षक पारी खेली और इस दौरान भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के गेंदों को भी अच्छे से खेला । कोंस्टास को पहले तीन मैच में असफल रहने वाले नाथन मैकस्वीनी की जगह टीम में लिया गया और उन्होंने आते ही आक्रामक रुख अपनाया पर कैरी ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यह 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज हर मैच में इतना आक्रामक प्रदर्शन करेगा । उन्होंने कहा, 'वह जो ऊर्जा लेकर आए, वह कुछ अलग थी। शायद इतने अंतर की उम्मीद नहीं थी, लेकिन उन्होंने क्रिकेट की एक ऐसी शैली को अपनाया जो शायद भारत के लिए भी नई थी । कैरी ने कहा, 'हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि वह आगे कैसे खेलते हैं। मुझे नहीं लगता कि यह हर टेस्ट मैच के लिए उनकी पहचान बन जाएगी। लेकिन शुरू में कुछ आक्रामकता अपनाना अच्छा है जिसकी हमें कमी खल रही थी। उन्होंने कहा कि पहले तीन टेस्ट मैचों में मैकस्वीनी और उस्मान ख्वाजा की सलामी जोड़ी ने मुश्किल हालातों में अच्छा काम किया था हालांकि मैकस्वीनी बड़े स्कोर नहीं बना पाये ।

## खेल रत्न पुरस्कार सबसे बड़ी उपलब्धि लेकिन काफी कुछ हासिल करना बाकी: हरमनप्रीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक के बाद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनकी 'शानदार' यात्रा की मान्यता है जिसमें उन्हें भविष्य में बहुत कुछ हासिल करना है। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, हरमनप्रीत और पैरालंपिक ऊंची कूद के स्वर्ण विजेता प्रवीण कुमार को खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 2024 मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना है। हरमनप्रीत ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। ऐसा लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है। मुझे इतना बड़ा पुरस्कार और मान्यता मिल रही है।

पेरिस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल करने वाले इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर उपलब्धियों से भरा रहा है। वह पेरिस से पहले तोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उन्होंने 2016 में जूनियर विश्व कप में स्वर्ण, राष्ट्रमंडल खेलों में रजत, एशियाई खेलों में स्वर्ण और कांस्य के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत पदक जीते है। हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष सहित तीन बार एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। वह हालांकि इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं है और अभी करियर में काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं।




हरमनप्रीत ने कहा कि अपनी पूरी यात्रा में मैंने बहुत कुछ सीखा है, मैंने जीत और हार सहित कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मुझे हालांकि लगता है कि आप केवल उन अनुभवों से सीखते हैं। पहले दिन से मेरी मानसिकता खुद को बेहतर करने की रही है। पंजाब के अमृतसर के टिम्मोवाल गांव में किसान परिवार में जन्मे हरमनप्रीत का अंतरराष्ट्रीय करियर 2014 में शुरू हुआ था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टीम के साथी खिलाड़ियों को दिया। भारतीय कप्तान ने कहा कि हम जो भी हासिल कर रहे हैं वह एक टीम के रूप में कर रहे हैं। मेरी यात्रा बहुत दिलचस्प रही है, मुझे व्यक्तिगत मान्यताएं और पुरस्कार मिल रहे हैं लेकिन यह केवल मेरे साथी खिलाड़ियों के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि मैंने अब तक की अपनी यात्रा का भरपूर आनंद लिया है। मैंने बहुत मेहनत की है और मैंने अब तक जो भी हासिल किया है, उससे मैं खुश हूं।

भारतीय हॉकी टीम की रक्षापंक्ति के इस खिलाड़ी की नजर अब विश्व कप में पदक जीतने पर है। विश्व कप का आयोजन अगले साल बेल्जियम में होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि निश्चित रूप से मेरा मुख्य लक्ष्य विश्व कप होगा क्योंकि लंबे समय से हमने विश्व कप में कोई पदक नहीं जीता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि अपने जीवन में सब कुछ हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि हमने ओलंपिक में लगातार पदक जीते हैं लेकिन हमारा अगला लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और सभी प्रमुख टूर्नामेंट जीतना होगा। यह चरण दर चरण प्रक्रिया है और हम एक टीम के रूप में अपने लक्ष्य हासिल करना चाहेंगे।

हरमनप्रीत वर्तमान में राउरकेला में चल रही हॉकी इंडिया लीग में पंजाब के सूरमा हॉकी क्लब का नेतृत्व कर रहे हैं। सूरमा हॉकी क्लब ने अब तक दो मैच खेले हैं, जिसमें एक में जीत और एक में हार मिली है। उन्होंने कहा कि हर टीम के लिए शुरुआत में एकजुट होना और समझ के साथ सामंजस्य बनाना कठिन होगा। हम कल का मैच हार गए लेकिन इसमें भी हमारे लिए कई सकारात्मक चीजें रही।

## ब्रिस्बेन इंटरनेशनल : नोवाक जोकोविच को राइली ओपेल्का ने हराया



ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया) । नोवाक जोकोविच को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां राइली ओपेल्का के खिलाफ सीधे सेटों में 6–7, 3–6 से हार का सामना करना पड़ा । अमेरिका के ओपेल्का ने 16 ऐस लगाकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सैतीस साल के जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं । ऑस्ट्रेलियाई ओपन की शुरुआत 12 जनवरी से होगी और जोकोविच इसके 10 बार के चैम्पियन रहे हैं । ओपेल्का ने फरवरी 2022 में सर्वश्रेष्ठ करियर रैंकिंग 17 हासिल की है । कूल्हे की सर्जरी के कारण खेल से दूर रहने के कारण उनकी मौजूदा रैंकिंग 293 है । ओपेल्का के सामने सेमीफाइनल में जी. एमपेत्शी पेरीकार्ड की चुनौती होगी । पेरीकार्ड ने याकूब मेनसिक को 7–5, 7–6 से हराया । दूसरे सेमीफाइनल में जिरी लेहेका का मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा । लेहेका ने निकोलस जैरी को 6–4, 6–4 से हराया और जॉर्डन थॉम्पसन के रिटायर होने पर दिमित्रोव ने अंतिम चार में जगह पक्की की । खेल रोके जाते समय दिमित्रोव 6–1, 2–1 से आगे थे ।

## भारत–पाक मैचों का इंतजार सभी को रहता है : वाटसन



सिडनी । पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है भारतीय टीम का चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जाना निराशाजनक है पर इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा । भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी । वाटसन ने यहां चैम्पियंस ट्रॉफी टूर के दौरान कहा, 'यह बदकिस्मती की बात है कि ऐसे हालात बने हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत–पाकिस्तान मैचों का सभी को इंतजार रहता है । जब भी वे एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं तो उन मुकाबलों में जबरदस्त रोमांच रहता है । भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जा रही है पर इसमें कोई कुछ नहीं कर सकता है । वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है । उन्होंने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है । यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है । । एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है । वाटसन ने कहा, 'हम टी20 के बाद भी एकदिवसीय क्रिकेट को बनाये रखना चाहते हैं , इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी अहम है । इसमें सिर्फ 8 टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है । इसमें आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर होने का खतरा बना रहता है । भारतीय टीम ने साल 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी पर उस समय विराट कोहली और रोहित शर्मा अच्छे फार्म में थे । अभी होनो ही खराब दौर से गुजर रहे हैं । वाटसन ने कहा कि यह चिंता की बात नहीं है । उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि खराब दौर विराट और रोहित के प्रभाव पर कोई असर डालेगा । दुबई में हालात अलग होंगे और एकदिवसीय में वे खुलकर खेल सकेंगे । कोहली वैसे भी एकदिवसीय में अन्य प्रारुपों से बेहतर खेलते हैं । । वाटसन ने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होने की संभावना है । ।

## हॉकी कैलेंडर व्यस्त होने से नहीं शुरु कर पा रहे चैंपियंस ट्रॉफी - इकराम

राउरकेला । अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम ने कहा है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी को फिर से शुरु करने के पक्ष में हैं पर पहले से ही व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में इस टूर्नामेंट के लिए समय देखना सबसे कठिन हो रहा है । चैंपियंस ट्रॉफी साल 1978 में शुरु होने के बाद से ही हर वर्ष होती थी पर साल 2014 में यह दो साल में एक बार हो गयी । यह टूर्नामेंट एक समय हॉकी की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में से एक था पर बाद में इसे बंद करना पड़ा । इसका अंतिम चरण 2018 में आयोजित कराया गया था । एफआईएच प्रमुख ने कहा 'हम इस बात से मना नहीं कर रहे हैं कि चैंपियंस ट्रॉफी या इसी तरह के किसी टूर्नामेंट को फिर से शुरू किया जा सकता है पर हमें कैलेंडर में जगह देखने की जरूरत है जब इससे कराया जा सके । उन्होंने खिलाड़ियों के व्यस्त कार्यक्रम और उनके कार्यभार को ध्यान में रखते हुए ज्यादा टूर्नामेंटों की जगह पर बेहतर और अधिक रोमांचक टूर्नामेंट शुरू करने की जरुरत बतायी । इकराम ने हॉकी की वैश्विक पहुंच का विस्तार करने और शीर्ष नौ टीमों के अलावा अन्य देशों के लिए मौका प्रदान करने की जरूरत पर भी जोर दिया । उन्होंने कहा, 'पहले हमारे पास दूसरे दर्जे के देशों के लिए कुछ नहीं था । वहीं अब शीर्ष नौ– 10 देशों के बाद हमने अगले आठ देशों के लिए नेशन्स कप शुरू किया है । एफआईएच के लिए मेरा लक्ष्य है कि शीर्ष 35 देश एफआईएच टूर्नामेंट में शामिल हों । उन्होंने एलीट और उभरते हॉकी देशों के बीच के अंतर को दूर करने पर भी बल दिया । इकराम ने कहा, 'अंतर पाटने का एकमात्र तरीका है कि हमें अन्य देशों को भी शामिल करना होगा। इसलिए समस्या यह होगी कि आपका कैलेंडर अधिक भरा होगा। एफआईएच का एक प्रमुख टूर्नामेंट प्रो लीग 2019 से चल रहा है । इसी को लेकर इकराम ने 'प्रो लीग कनेक्ट नाम की एक नयी परियोजना के शुरू होने की घोषणा की जिसका उद्देश्य शीर्ष हॉकी देशों के बाहर के देशों को शामिल करना है ।

## ज्यादा पैरा खिलाड़ियों को खेल रत्न मिलते देखना अच्छा होता: प्रवीण कुमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऊंची कूद के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक की बदौलत चार ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं में शामिल होने से खुश हैं और उनका कहना है कि और ज्यादा पैरा खिलाड़ियों का देश के इस सर्वोच्च खेल सम्मान के लिए चयन किया जाता तो उन्हें और अधिक खुशी होती।

प्रवीण के अलावा दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश और पेरिस खेलों के कांस्य विजेता पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा। तोक्यो ओलंपिक के अपने कांस्य को पेरिस में स्वर्ण में बदलने वाले तीरंदाज हरविंदर सिंह जैसे कुछ पैरा खिलाड़ियों ने खेल रत्न के लिए विचार नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की है। पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर 29 पदक हासिल किये जिसमें सात स्वर्ण शामिल हैं।

प्रवीण ने साक्षात्कार में कहा कि अगर पेरिस ओलंपिक के कुछ पदक विजेताओं को भी खेल रत्न मिलता तो उन्हें खुशी होती लेकिन उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'मैं उनसे सिर्फ इतना कहूंगा कि हिम्मत नहीं हारें और अच्छा प्रदर्शन करते रहें। पैरा खेलों को सिर्फ एक खेल रत्न दिया गया है और यह संख्या और होनी चाहिए थी। मुझे अच्छा लगता अगर दो-तीन और पैरा खिलाड़ियों को खेल रत्न दिया जाता।'

21 वर्षीय प्रवीण के पैरों में जन्म से विकृति थी जिसके कारण उनके दोनों पैर कमजोर थे। उनका एक पैर छोटा है जिससे उन्हें नियमित फिजियोथेरेपी की जरूरत थी। उनके पिता उनका सबसे बड़े सहारा बने। प्रवीण ने कहा कि वह हमेशा सक्षम खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहते थे जबकि उन्हें अच्छी तरह से पता था कि यह 'बहुत कठिन काम' होगा। उन्होंने पेरिस में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक को स्वर्ण पदक में तब्दील किया।

नई दिल्ली के साउथ में रहने वाले प्रवीण जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सात से आठ घंटे ट्रेनिंग करते हैं और अब उन्हें साल के अंत में राजधानी में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने की उम्मीद है। प्रवीण ने कहा, 'ओलंपिक में सफलता हासिल करना और अपनी सफलता के लिए खेल रत्न पुरस्कार मिलने पर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह मेरे लिए सपने का सच होना है। यह पुरस्कार मुझे विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेरे घरेलू मैदान में स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रेरित करेगा।'



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# शरद केलकर ने संजय लीला भंसाली को बताया परफेक्शनिस्ट



एक्टर शरद केलकर ने हाल ही में संजय लीला भंसाली के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि भंसाली के साथ काम करना किसी चुनौती से कम नहीं है, क्योंकि वह अपने काम में पूरी तरह से परफेक्शन चाहते हैं। इसके लिए वह अमिताभ बच्चन जैसे बड़े एक्टर से भी कई बार शॉट्स के लिए टेक्स लेने में बिल्कुल संकोच नहीं करेंगे। हिंदी रश के साथ एक इंटरव्यू में शरद केलकर ने कहा, 'संजय लीला भंसाली सर के साथ काम करना काफी चुनौती से भरा होता है। वह एक्टर से पूरी तरह मेहनत करवाते हैं और जो उन्हें चाहिए होता है, वो हासिल करके ही रहते हैं। शरद की मानें तो हर फिल्म को लेकर भंसाली का एक नजरिया होता है। वह फिल्म को अपने दिमाग में पहले से ही बना लेते हैं, और अगर कोई गलती होती है, तो वह उसे फिर से ठीक कर लेते हैं। वह थोड़ा परफेक्शनिस्ट हैं। उनके दिमाग में यह साफ होता है कि किरदार क्या करेंगे और उनकी सीमा क्या होगी। वह आपको अपनी सोच के करीब लाने के लिए बहुत मेहनत कराते हैं। कभी-कभी यह दबाव कुछ लोगों को परेशान कर सकता है, जबकि कुछ इसे पसंद करते हैं। शरद ने आगे कहा, 'भंसाली सर अमिताभ जी से भी जितने चाहे उतने टेक्स ले सकते हैं। अगर उन्हें अच्छा नहीं लगता तो वह मना भी कर सकते हैं। वह अपने काम को लेकर एकदम सख्त हैं।

'गोलियों की रासलीला रामलीला' में आए थे नजर शरद केलकर फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' में नजर आए थे। एक इंटव्यू में उन्होंने बताया था कि जब उन्होंने फिल्म का सेट देखा था तब वह चौंक गए थे और सोचते थे कि इतने पैसे क्यों खर्च किया जा रहे हैं। मॉडलिंग से की थी करियर की शुरुआत शरद ने साल 2004 में ग्रासिम मिस्टर इंडिया कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया था। इससे पहले शरद फिटनेस ट्रेनर हुआ करते थे। इस कॉन्टेस्ट में शरद फाइनलिस्ट रहे थे, जिसके बाद उन्हें दूरदर्शन के शो आक्रोश में कास्ट कर लिया गया था।





# कीर्ति सुरेश को बेबी जॉन के लिए सामंथा ने की थी सिफारिश

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और साउथ अभिनेत्री कीर्ति सुरेश पहली बार फिल्म बेबी जॉन में स्क्रीन शेयर करते नजर आए। वैसे तो यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही है, लेकिन इस फिल्म को जिसकी रीमेक बनाया गया यानी थेरी ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। बेबी जॉन की अभिनेत्री कीर्ति ने खुलासा किया की उन्हें इस फिल्म के लिए किसी खास शख्स ने रिकमेंड किया था और इस फिल्म को लेकर वह डरी हुई थीं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान, कीर्ति सुरेश ने खुलासा किया है कि सामंथा रूथ प्रभु ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बेबी जॉन के लिए उनकी सिफारिश की थी। यह फिल्म एटली की तमिल ब्लॉकबस्टर थेरी की रीमेक है, जिसमें मूल रूप से दलपति विजय और सामंथा रुथ प्रभु ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बेबी जॉन में, कीर्ति ने वह भूमिका निभाई जो मूल रूप से सामंथा ने निभाई थी।

एक इंटरव्यू के दौरान बेबी जॉन के लिए कीर्ति ने उनका नाम सुझाने के लिए सामंथा के प्रति आभार व्यक्त किया। कीर्ति ने कहा, जब यह हो रहा था, तब शायद वह मेरे बारे में सोच रही थी। यही बात वरुण धवन ने मुझे बताई थी। मैं इसके लिए जितना भी आभारी रहूं, कम है। सामंथा ने कहा कि कीर्ति इस किरदार को बखूबी निभा पाएगी। आगे कीर्ति ने कहा, तमिल में थेरी में उनका अभिनय मेरे पसंदीदा में से एक है। ईमानदारी से कहूं तो मैं इस फिल्म को लेकर बहुत डरी हुई थी।

आगे कीर्ति ने कहा, मुझे याद है कि उन्होंने जब बेबी जॉन का ट्रेलर देखने के बाद इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की थी, जिसमें उन्होंने लिखा था, मैं इसे किसी और के साथ शेयर नहीं करती, लेकिन आपके साथ करती। यह बहुत प्यारा था और मेरे लिए बहुत मायने रखता था। मैं इससे बेहतर बॉलीवुड डेब्यू की उम्मीद नहीं कर सकती थी। यह उन किरदारों में से एक है, जिन्हें मैं वाकई पसंद करती हूं और मुझे खुशी है कि मुझे इसे हिंदी में निभाने का मौका मिला। बेबी जॉन कीर्ति सुरेश की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है। भले ही फिल्म दर्शकों को प्रभावित करने में विफल रही हो, लेकिन कलीज निर्देशित इस फिल्म में कीर्ति सुरेश के अभिनय को कई लोगों ने काफी पसंद किया है। फिल्म में कीर्ति ने मीरा का किरदार निभाया है।



# मलाइका अरोड़ा ने बीते साल को लेकर कही अपनी बात

मलाइका अरोड़ा साल 2024 में अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहीं। पहले उनका अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हुआ फिर अभिनेत्री के पिता का निधन हो गया। सोशल मीडिया पर मलाइका ने एक पोस्ट कर बताया कि उनका साल काफी कठिन रहा। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से मलाइका अरोड़ा ने पोस्ट साझा की है। उन्होंने बताया कि ये साल उनके लिए कितना मुश्किल रहा। पोस्ट साझा कर मलाइका ने लिखा- साल 2024, मैं तुमसे नफरत नहीं करती लेकिन तुम बहुत मुश्किल रहे। बहुत सी चुनौतियां, बहुत सारे बदलाव और बहुत सारी सीख। तुमने मुझे दिखाया कि जीवन कैसे बदलता है। पलक झपकते ही जीवन में कितने बदलाव आ जाते हैं। मुझे लगता है मुझे खुद पर और भरोसा करना चाहिए। इस साल ने मुझे बताया कि मेरी मानसिक, शारीरिक और इमोशनल हेल्थ मेरे लिए कितनी जरूरी है।

## ऐसा सोचती हैं मलाइका

पोस्ट में लिखा, इस दौरान और भी बहुत सारी चीजें हैं, जिन्हें मुझे समझना होगा लेकिन मुझे लगता है, समय के साथ चीजें और समझ में आने लगेंगी। चीजों के होने की कुछ न कुछ वजह होती है, मैं इस बात को पूरी तरह से मानती हूं। बता दें कि मलाइका और अर्जुन कपूर ने काफी समय तक एक दूसरे को डेट किया। दोनों ने साथ में कई सारी तस्वीरें भी साझा की। वहीं, मई में खबरें आई कि दोनों ने अपने रास्ते बदल लिए हैं। वे नहीं चाहते थे कि उनके रिश्ते को लेकर कोई बात करे। ब्रेकअप की खबरों के बीच ही अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल मेहता का निधन हो गया। इस दौरान बॉलीवुड के कई बड़े सितारों को मलाइका के घर जाकर उनसे मिलते देखा गया। मलाइका अरोड़ा की वर्कफ्रंट की बात करें तो वे रियलिटी शो मूविंग इन विद मलाइका में देखा गया था। वहीं, अर्जुन कपूर को सिंघम अगेन में डेंजर लंका के किरदार में देखा जाएगा।



# क्या सुजॉय घोष की अगली फिल्म में काम नहीं कर रहे हैं शाहिद?

सुजॉय घोष को लेकर बीते लंबे समय से खबरें थीं कि वो शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान की आगामी फिल्म किंग का निर्देशन करेंगे। हालांकि, बीते दिन जानकारी मिली कि फिल्म के निर्देशन की कमान सिद्धार्थ आनंद को सौंपी गई है। वहीं, किंग से बाहर होने के बाद ही एक और खबर वायरल हुई थी कि सुजॉय ने अपने नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो वह एक थ्रिलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। साथ ही मुख्य भूमिका के लिए इस बॉलीवुड स्टार के साथ बातचीत भी चल रही है और इसमें शाहिद कपूर का नाम सामने आया था। हालांकि, यह खबर पूरी तरह से गलत है।

## शाहिद की टीम ने किया इनकार

इस खबर को लेकर जब शाहिद की टीम से बात की तो उन्होंने इस खबर से पूरी तरह से इनकार कर दिया। टीम ने बताया कि अभिनेता ऐसी किसी भी फिल्म में काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वायरल हो रहीं खबरें पूरी तरह से गलत हैं और बिना किसी आधार पर चर्चा में चल रही हैं।

## इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं शाहिद

शाहिद इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म देवा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस फिल्म के साथ शाहिद एक बार स्क्रीन पर दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। इस फिल्म को रोशन एंड्रयूज ने निर्देशित किया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में शाहिद एकदम अलग अवतार में नजर आएंगे। फैंस भी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# धूता के बाद इस सुपर नैचुरल फिल्म में नजर आएंगे नागा चैतन्य?

साउथ अभिनेता नागा चैतन्य फिल्म धूता में नजर आए थे। फिल्म धूता ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म 1 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को प्रंशसक की साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस हॉरर फिल्म के अलावा नागा एक और हॉटट फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म को विरुपाक्ष के निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू निर्देशित करेंगे।

## हॉरर फिल्म में नजर आएंगे नागा चैतन्य

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2023 में प्रीमियर होने वाली अमेजन प्राइम सीरीज धूता के बाद, नागा चैतन्य एक धासूं सुपरनैचुरल थ्रिलर जॉनर की फिल्म में नजर आने वाले हैं। नागा चैतन्य विरुपाक्ष फेम कार्तिक वर्मा दंडू के निर्देशन में एक और सुपरनैचुरल थ्रिलर पर काम कर रहे हैं।

## फिल्म को लेकर चल रही है बातचीत

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चै की फिल्म निर्माताों के बीच बातचीत चल रही है। इस सुपरनैचुरल थ्रिलर के लिए अर्का मीडिया वर्क्स में बाहुबली के निर्माता इस रोमांचक प्रोजेक्ट को फंड करेंगे। हालांकि, नागा चैतन्य ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अगर यह प्रोजेक्ट फाइनल हो जाता है, तो यह 2025 की दूसरी छमाही में यह फिल्म फ्लोर पर आ जाएगी।

## आने वाली फिल्म

हाल ही में अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला के साथ एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंधने वाले नागा चैतन्य को अगली बार भावनात्मक समुद्र तटीय प्रेम कहानी थंडेल में देखा जाएगा। इस फिल्म में नागा के साथ साई पल्लवी नजर आएंगी। नागा चैतन्य फिल्म थंडेल में एक मछुआरे की भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह पहली बार है, जब वह एक ग्रामीण किरदार निभा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अल्लू अरविंद ने इस फिल्म का निर्माण 60 करोड़ रुपये के बजट पर किया है। ऐसा माना जा रहा है कि यह नागा चैतन्य की अब तक की किसी भी फिल्म का सबसे बड़ा बजट है। यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# पलक तिवारी की डेटिंग लाइफ पर मां श्वेता ने दिया जवाब -वो हर तीसरे लड़के को डेट करती है

अफवाह है कि पलक तिवारी सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान को डेट कर रही हैं। उनके लगातार एक साथ दिखने से इन अफवाहों को हवा मिली। वहीं, बेटी की डेटिंग की रिपोर्ट्स पर अब खुद मां श्वेता तिवारी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। साथ ही खुलासा किया कि इन सबका उन पर कैसा प्रभाव पड़ता है।

जब श्वेता तिवारी से बेटी पलक तिवारी की डेटिंग अफवाहों पर उनके विचार पूछे गए, तो उन्होंने कहा, अफवाहें अब मुझे परेशान नहीं करतीं, पिछले कुछ वर्षों में मुझे एहसास हुआ है कि लोगों की याददाश्त केवल चार घंटे तक रहती है। उसके बाद वे समाचार भूल जाएंगे, तो चिंता क्यों करें? अफवाहों के मुताबिक, मेरी बेटी हर तीसरे लड़के को डेट कर रही है और मैं हर साल शादी कर रही हूं।

## ट्रोल्स को दिया करारा जवाब

श्वेता तिवारी ने अपनी बात में जोड़ा, इंटरनेट के अनुसार, मैं पहले ही तीन बार शादी कर चुकी हूं। ये चीजें अब मुझे प्रभावित नहीं करतीं, पहले करती थीं जब सोशल मीडिया नहीं था और कुछ पत्रकार फिल्मी हस्तियों के बारे में अच्छा लिखना बिल्कुल पसंद नहीं करते थे। मनोरंजन जगत की हस्तियों के बारे में नकारात्मकता बिकती है। उस युग से निपटने के बाद, इसका मुझ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

## बेटी की ट्रोलिंग से होता है दुख

बेटी पलक की ट्रोलिंग पर अपना दुख जाहिर करते हुए श्वेता तिवारी ने कहा, यह मुझे कभी-कभी डराता है। पलक चाहे कैसी भी दिखती हो लेकिन वो बहुत मासूम है। वो लोगों को जवाब देना नहीं जानती है। ट्रोलिंग का ये युग काफी बदसूरत हो गया है। लोगों ने उसे नीचे खींचने की कोशिश की है, लेकिन वह कमेंट्स नहीं पढ़ती है। हालांकि, जब वो ट्रोल होती है तो इसका मुझ पर असर पड़ता है।

## श्वेता-पलक का वर्कफ्रंट

श्वेता तिवारी को कसौटी जिंदगी की, परवरिश और बेगुसराय जैसे पॉपुलर टीवी शोज में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। वहीं, पलक की बात करें तो उन्होंने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। फिल्म में शहनाज गिल, राघव जुयाल, पूजा हेगड़े और सिद्धार्थ निगम भी हैं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रही। वह अगली बार हॉरर-कॉमेडी द वर्जिन ट्री में दिखाई देंगी। फिल्म में संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह भी हैं और इसके 2025 में रिलीज होने की उम्मीद है।

# कल्कि एडी 2898 में कृष्ण के किरदार में नजर आएंगे ये अभिनेता





नाग अश्विन-प्रभास की फिल्म भारतीय ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी फिल्म को फैंस ने बहुत पसंद किया है। इस फिल्म के पहले हिस्से के बाद दूसरे हिस्से में भगवान कृष्ण की छवि के रूप में दिखने वाले सितारों के नाम सामने आए हैं। आइए आपको बताते हैं कल्कि एडी 2989 के दूसरे हिस्से में कौन से सितारे नजर आने वाले हैं। इन सितारों के नाम को लेकर हुई चर्चाखबरों की मानें तो यह भूमिका अभिनेता कृष्ण कुमार बालासुब्रमण्यम द्वारा निभाई गई थी, जो सोरारई पोटरु में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं। कृष्ण की भूमिका भूमिका निभाने के लिए संभावित अभिनेताओं के रूप में महेश बाबू और नानी जैसे नाम सामने आए।

## नाग अश्विन ने बताया किसे बनाएंगे कृष्ण

नाग अश्विन ने इसको लेकर कहा, मैं कल्कि में भगवान कृष्ण का चेहरा पहले हिस्से में नहीं दिखाना चाहता था। उन्होंने कहा कि मुझे लगता था कि फिल्म काफी अच्छा कलेक्शन कर सकता है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी शानदार प्रदर्शन कर चुकी है। खबरों की मानें तो महेश बाबू ने फिलहाल इस फिल्म के लिए काम करना अभी शुरू नहीं किया है। नाग अश्विन ने कहा, मुझे महेश बाबू काफी पसंद हैं। ये परिस्थिति बहुत अच्छे हैं। मैं उन्हें श्री कृष्ण के रूप में देख भी लिया था। उन्होंने कहा कि कल्कि एडी 2898 में प्रभास, कमल हसन, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण जैसे बड़े सितारों के लिया था।